* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.com
28 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 40

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

मिस्र के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस पर होंगे चीफ गेस्ट, अब्देल फतह अल-सीसी ने स्वीकार किया मोदी का न्योता



SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

### अमर शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# सूखा पीड़ित 30 लाख किसान परिवारों को देंगे राहत : हेमंत

- गुरुजी के साथ अमर शहीद सोबरन सोरेन की प्रतिमा का किया अनावरण, माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि
- सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर कर रहे अपग्रेड

अंजनी कुमार

**गोला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य के सूखा पीड़ित 30 लाख किसान परिवारों को बहुत जल्द राहत पहुंचायेगी। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से राहत मिलते ही राज्य में सुखाड़ जैसी आपदा फिर आ खड़ी हुई। हमारी सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लिया। राज्य के 226 प्रखंडों को चिन्हित कर सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। सूखा राहत राशि के तौर पर प्रति किसान परिवार साढ़े तीन हजार रुपये का भुगतान किया जायेगा। मुख्यमंत्री रविवार को शहीद सोबरन सोरेन के 65वें शहादत दिवस के मौके पर रामगढ़ जिला के लुकैयाटांड़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सोबरन सोरेन हमारे दादा जी थे, परंतु मैंने उन्हें नहीं देखा था। शहीद सोबरन सोरेन एक शिक्षक थे। समाज में शिक्षा का अलख जगाते थे। इनका कार्य महाजनी तथा सामंतवादी लोगों को को पसंद नही आया था। शहीद सोबरन सोरेन की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके शहादत दिवस पर आज मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

**पंचायतों में शिविर लगा कर किसानों से आवेदन लिये जायेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों में शिविर लगाकर किसान परिवारों से आवेदन लेकर सूखा राहत राशि का लाभ दिया जायेगा। आने वाले समय में राज्य के सूखा पीड़ित 30 लाख किसान परिवारों को आगे राहत देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार को आग्रह किया जायेगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कर रहे मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जब गांव मजबूत होगा, तभी राज्य खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग सभी वर्ग के लिए कार्य योजना तैयार की गयी है। हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की है। अब सभी पात्र लोगों को पेंशन मिल रही है।

**आपके दरवाजे पर आपकी समस्या का समाधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड के प्रत्येक गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया है। पिछले 20 वर्षों में यहां के लोग प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाते-लगाते थक जाते थे। हमारी सरकार ने अब प्रखंड कार्यालयों में पदस्थापित पदाधिकारियों को आपके गांव-गांव और द्वार-द्वार पर भेज कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान आपके गांव-घर में लगे शिविरों में ही हो, यह हमारी प्राथमिकता में है।

**शिक्षा के स्तर में निरंतर हो रहा सुधार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निरंतर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत है। अब हमारी सरकार सरकारी स्कूलों को भी निजी स्कूलों की तर्ज पर अपग्रेड करने का काम कर रही है। सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस निमित्त शिक्षकों को भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार गठन के बाद से ही हमारा प्रयास रहा है कि राज्य में सड़क, स्कूल, कॉलेज इत्यादि के कार्यों में गति दी जाये। लगातार सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से सभी गरीब वर्ग की बालिकाओं को कक्षा आठवीं से लेकर कक्षा 12वीं तक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही 18 वर्ष पूर्ण करने के बाद संबंधित किशोरी के बैंक खाते में 40 हजार की एकमुश्त राशि प्रदान की जायेगी।

**गांव -गांव में विकास को दी जा रही गति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रामगढ़ जिला स्थित बरलंगा गांव के नजदीक लुकैयाटांड़ में शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस के अवसर पर मेला लग रहा है। आज इस स्थल पर स्कूल बन रहा है। लोग रात में भी घूम रहे हैं। समय के साथ बहुत कुछ बदला है। मुझे याद है कि पहले यह जंगल क्षेत्र हुआ करता था। अब गांव गांव में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था राज्य सरकार उपलब्ध करा रही है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर रामगढ़ विधायक ममता देवी, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### दिशोम गुरु ने शोषण-अन्याय के खिलाफ लंबा संघर्ष किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद सोबरन सोरेन के पुत्र आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी अपने पिताजी की राह पर चलते हुए यहां के आदिवासी, दलित, शोषित,वंचित,गरीब सभी वर्गों के साथ हो रहे महाजनी शोषण और अत्याचार के विरुद्ध राज्य के गांव-गांव, जंगल-जंगल में जाकर इन वर्गों को संरक्षित करने के लिए संघर्ष किया। एक दौर ऐसा भी आया, जब आदरणीय गुरु जी के पीछे-पीछे बड़ी संख्या में प्रदेश के लोगों ने इनके संघर्ष को बल दिया।

### अमर शहीद सोबरन सोरेन की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने वीर शहीद सोबरन सोरेन के लुकैयाटांड़ स्थित स्मारक स्थल पर उनकी नवस्थापित प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप में शिलापट्ट के माध्यम से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस , मॉडल विद्यालय मसलिया, दुमका, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, आरके गर्ल्स स्कूल गढ़वा, आश्रम आवासीय विद्यालय रानिया खूंटी एवं आश्रम आवासीय विद्यालय ओरमांझी का उद्घाटन किया।

# ग्रामीणों ने खूंटी पुलिस टीम को रात भर बंधक बनाया



### छापामारी करने गयी पुलिस के धक्के से बुजुर्ग की मौत के बाद बवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में छापामारी करने गयी पुलिस के धक्के से बुजुर्ग की मौत हो गयी। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम को बंधक बना लिया। यह मामला तोरपा थाना क्षेत्र के रोड़ो गांव का है। वहां शनिवार की देर रात पुलिस टीम प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोपी इजहार अहमद उर्फ कल्लू को गिरफ्तार करने पहुंची थी। मामला एक सप्ताह पुराना था। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और जवान घर के अंदर घुसे। इसी बीच पुलिस की टीम ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को धक्का दे दिया। परिजनों का आरोप है कि धक्का देने से बुजुर्ग मोहम्मद निजामुद्दीन (75) को दिल का दौरा पड़ा और वह वहीं गिर गये। उनकी तत्काल मौत हो गयी। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गये। उनके शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गये और पुलिस टीम को घेर लिया।

**सुबह किया गया मुक्त :** पुलिस टीम को बंधक बनाये जाने की सूचना पर जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को काफी समझाया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को रविवार की सुबह छोड़ा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वरीय पुलिस अधिकारी मामले की छानबीन में जुट गये हैं।

# विशाल चौधरी से आज होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कुछ बड़े अधिकारियों के करीबी विशाल चौधरी से सोमवार को पूछताछ होगी। इडी ने उन्हें बुलाया है। उनके अशोक नगर स्थित आवास में इडी पहले ही छापामारी कर चुका है। वहां से कुछ दस्तावेज और तस्वीरें इडी को मिली हैं। उसी सिलसिले में चौधरी से पूछताछ की जायेगी। अभी दो दिन पहले वह परिवार के साथ थाइलैंड जाने की कोशिश कर रहे थे और दिल्ली एयरपोर्ट पर उनको रोका गया था।

### सुमन कुमार ने कहा : कमीशन का पैसा अधिकारियों को भी



इधर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सीए सुमन कुमार से इडी की टीम ने पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक सुमन ने यह स्वीकार किया है कि उसके पास से जो रकम बरामद हुई है, वह अवैध खनन से वसूली गयी है। इस वसूली का अधिकांश हिस्सा कई अधिकारियों को भी जाता था। इसमें कुछ नेता भी शामिल थे। जो रकम बरामद हुई, वह पूजा सिंघल का शेयर था। कई डीएमओ सीधे पैसा पहुंचाया करते थे। इनमें पाकुड़, दुमका और साहिबगंज के डीएमओ शामिल हैं। इन डीएमओ से पहले भी पूछताछ हो चुकी है। सुमन कुमार से दो दिनों की पूछताछ की इजाजत कोर्ट ने दी थी।

### महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप : कोयला तस्करी रोकने की मिली सजा

# इसीएल संथाल एरिया के सुरक्षा इंस्पेक्टर और गार्ड गिरफ्तार

अजय शर्मा

**रांची।** इसीएल संथाल परगना इलाके के सुरक्षा इंस्पेक्टर रूपेश मिश्रा और गार्ड राजेश गिरी को चितरा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके बाद इसीएल के सुरक्षाकर्मी डरे-सहमे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि इसके पीछे कोयला तस्करों का हाथ है। इस पूरे मामले को इसीएल ने गंभीरता से लिया है।

**क्या है मामला :** छह सितंबर को चितरा कोलियरी की गिरजा, खुन 10 नंबर और तुलसी डाबर खदान में अवैध खनन और तस्करी की सूचना सुरक्षाकर्मियों को मिली थी। वहीं कोल डिपो भी है।

इंस्पेक्टर रूपेश मिश्रा और गार्ड राजेश गिरी होमगार्ड के जवानों को लेकर वहां पहुंचे। वहां बहुत सारे पुरुष, महिलाएं और बच्चे कोयला लूट रहे थे। रोकने पर वे गाली-गलौज करने लगे। गिरी ने एक महिला को लाठी मार दी। इसके बाद पथराव हुआ। बाद में घटना के संबंध में इसीएल के सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक अब्दुल समद ने स्थानीय थाने को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कुछ आरोपियों के नाम भी एफआइआर में दिये।



**जवाब में भी एफआइआर:** सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक द्वारा एफआइआर कराये जाने की सूचना मिलने पर कुछ महिलाएं थाना पहुंच गयीं और रूपेश मिश्रा, गार्ड राजेश गिरी और अन्य लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला दर्ज करा दिया।

**पुलिस ने क्या किया :** पुलिस ने इसी मामले में रविवार को कार्रवाई करते हुए सुरक्षा इंस्पेक्टर और गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की सुबह में सुरक्षा इंस्पेक्टर को थाना प्रभारी ने यह कहकर बुलाया कि खदानों का औचक निरीक्षण करना है। कई खदानों का निरीक्षण भी किया गया और शाम में रूपेश मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**तस्करी रोकते थे मिश्रा :** रूपेश मिश्रा ने कोयला तस्करों के खिलाफ उस इलाके में मुहिम चला रखी थी। यही वजह है कि आसपास के गांवों के लोगों की आंखों में वह चुभ रहे थे। इसलिए उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया और जेल भेज दिया गया।

### मन की बात का 95वां एपिसोड

# मोदी ने झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप की तारीफ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम में झारखंड के संजय कच्छप की चर्चा करते कहा कि समाज में विद्या दान का काम करने वाला समाज हित में सबसे बड़ा काम करता है। उन्होंने कहा कि वे अपने प्रयासों से गरीब बच्चों के सपनों को नयी उड़ान दे रहे हैं। खुद गरीबी के कारण संकट झेलने वाले संजय ने ठान लिया था कि वे अपने क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अंधकारमय नहीं होने देंगे। इसके लिए जब उन्होंने अपने नौकरी की शुरुआत की, तो अपने पैतृक स्थान पर लाइब्रेरी बनायी। जहां भी उनकी पोस्टिंग रही, वहां बच्चों के लिए लाइब्रेरी खड़ी की। उनका यह प्रयास सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है। ऐसे लाइब्रेरीमैन की वे विशेष सराहना करते हैं।

**गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए ललक :** संजय कच्छप (40 वर्ष) का बचपन आसान नहीं रहा। पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा में उनके माता- पिता मजदूरी करके घर गृहस्थी की गाड़ी खींचते थे। चाईबासा के टाटा कॉलेज से इतिहास विषय लेकर किसी तरह से ग्रेजुएशन पूरा किया। 2004 में ट्रेन गार्ड के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा पास की, पर गार्ड की नौकरी की भागमभाग में गरीब बच्चों की पढाई के लिए हाथ बंटा पाने की ललक बेचैन करती रही। यह बेचैनी 2008 तक बनी रही। इसी साल झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की। कृषि विभाग में अफसर बने। हालांकि इससे पहले 2002 में धन की कमी के कारण दो प्रयासों के बावजूद यूपीएससी की परीक्षा पास करने में मुश्किलें आयीं। 2008 में जब अफसर बने, गरीब बच्चों के लिए पुस्तकालय और उनकी शिक्षा के लिए किसी न किसी तौर पर प्रयास बनाये रखा है। यहां तक कि इसी अवधि से अपने वेतन का आधा योगदान इन्हीं सब कार्यों में दे रहे हैं।



**दो दर्जन पुस्तकालय की सौगात :** अपने एक दशक से अधिक के करियर में संजय कच्छप ने 12 डिजिटल पुस्तकालयों सहित 25 पुस्तकालय स्थापित कर दिये हैं। खास कर कोल्हान के अलग अलग इलाकों में उनकी ओर से स्थापित लाइब्रेरी का लाभ बच्चों को मिल रहा है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला खरसावां में लाइब्रेरी स्थापित करने में समान विचारधारा वाले आदिवासी शिक्षाविदों से भी भरपूर सपोर्ट मिला। अभी मनोहरपुर, खरसावां, गुडाबांधा, डुमरिया, मोसाबनी जैसे अतिवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी उनके द्वारा स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ गरीब बच्चों को मिल रहा है।

SACHIDANAND GYAN BHARTI MODEL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi
108, Kusai, Doranda, Ranchi - 834002






Class : Nursery to Std. - IV
Forms and prospectus (Rs. 500/-) are available at school office from 8.30 a.m. to 1.00 p.m. on all working days.
Contact : Ph : 8102997994, 8210132787
E-mail : sachidanandgyanbharti@gmail.com • Website : sachidanandgyanbhartiranchi.com
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Inspiration Imagination Vitality Creativity Values Attitude Character
..... Makes SGBMS Unique Centre of Excellence

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 65,000 रु./प्रति किलो |



## चुनौती : कांग्रेस ही नहीं, सहयोगी दलों का भी कोई बड़ा नेता नहीं आ रहा राहुल के साथ

# धीरे-धीरे मंद पड़ रहा है भारत जोड़ो यात्रा का उत्साह

**आजाद सिपाही विशेष**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गयी भारत जोड़ो यात्रा इस समय मध्यप्रदेश में है। साढ़े तीन हजार किलोमीटर में से अब तक 21 सौ किलोमीटर की दूरी राहुल तय कर चुके हैं। राहुल की क्लीन शेव लुक से शुरू हुई यह यात्रा अब लंबी दाढ़ी का रूप ले चुकी है। एक तरफ जहां शुरूआती दौर में कांग्रेस के भीतर इसके प्रति जो उत्साह दिख रहा था, वह धीमा पड़ता दिखाई देने लगा है। इसका एक संकेत तब मिला, जब कांग्रेस के सहयोगी दलों का कोई बड़ा नेता राहुल का साथ देने के लिए सामने नहीं आया है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी की यात्रा के बारे में कांग्रेस के भीतर से ही कई तरह की आवाजें सुनाई देने लगी हैं। पार्टी के भीतर का एक तबका इस यात्रा के राजनीतिक मूल्यांकन की बात करने लगा है। जहां तक खुद राहुल की बात है, तो वह अपनी इस यात्रा को लेकर अब तक खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं, हालांकि वह समझ रहे हैं कि इससे उन्हें कोई राजनीतिक ताकत हासिल नहीं होने जा रही है। शायद इसलिए वह पार्टी के बारे में कोई बात नहीं करते। ऐसे में यह सवाल भी उठने लगा है कि आखिर इस यात्रा के जरिये राहुल अपनी छवि को कितना बदल सके हैं। सवाल तो यह भी पूछा जा रहा है कि 2024 के चुनाव में क्या राहुल अकेले दम पर पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देने की ताकत इस यात्रा से हासिल कर सकेंगे। राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा का घोषित मकसद 'भारत में भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को चुनौती देना' कहा है, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं 2024 का चुनाव भी है। लेकिन पहले हिमाचल और अब गुजरात चुनाव में कांग्रेस की जो हालत है, उससे तो यही लगता है कि राहुल भी समझ गये हैं कि उनकी यात्रा से कोई राजनीतिक चमत्कार की उम्मीद करना समझदारी नहीं है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अब तक के सफर और उसके संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा करीब तीन महीने पुरानी होने को है और अब वह मध्यप्रदेश से गुजर रहे हैं। राहुल जानते हैं कि उनका यह महत्वाकांक्षी अभियान उनकी राजनीति का सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण अध्याय है। यदि इस बार वह पिछड़े, तो न उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि उन्हें बचा सकेगी और न ही उनकी कथित लोकप्रियता। अपनी यात्रा के दौरान वह लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं, आम लोगों के साथ वक्त बिता रहे हैं, बीच-बीच में लोगों के घर भी जा रहे हैं, लेकिन इन सबका कोई राजनीतिक लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी कई भावुक तस्वीरें भी वायरल हुई हैं, लेकिन भारतीय मतदाताओं, खास कर उत्तर भारत में इनका कोई असर नहीं दिख रहा है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पिछले करीब तीन महीने से भारत जोड़ो यात्रा लगातार चल रही है और पूरे देश में इसने एक अलग तरह का राजनीतिक और सामाजिक माहौल बनाया हुआ है। लेकिन राजनीति की पथरीली जमीन पर भावनाओं और संवेदनाओं को शायद ही कभी कोई स्थान मिला है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा भले ही लोगों को भावनात्मक रूप से उनके करीब ला रही है, उसके वोट में बदलने की संभावना कितनी है, असल बात यही है। इस यात्रा ने राहुल गांधी की छवि को बदला तो जरूर है, लेकिन उन्हें एक राजनेता नहीं, बल्कि एक संवेदनशील इंसान के रूप में स्थापित किया है, जबकि कांग्रेस को उम्मीद थी कि राहुल इस यात्रा के बाद एक परिपक्व राजनेता बन कर उभरेंगे। अब तक तो ऐसा लगता है कि राहुल गांधी ने बहुत हद तक खुद को एक 'हैप्पी गो लकी मैन' के रूप में ही स्थापित किया है। इसका कोई खास लाभ कांग्रेस को मिलने की उम्मीद नहीं के बराबर है। शायद इसीलिए राहुल खुद को पहले हिमाचल प्रदेश और अब गुजरात के चुनाव से अलग रख रहे हैं। दक्षिण में उनके आक्रामक तेवर भी ढीले पड़ रहे हैं। इसे साफ तौर पर महसूस किया जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस के भीतर से आवाज उठ रही है कि राहुल गांधी इस यात्रा के बाद खुद को गंभीर राजनेता के रूप में स्थापित कर पाते हैं या नहीं, इससे बड़ा सवाल यह है कि वह कितनी जनता को अपनी तरफ आकर्षित कर पाते हैं। राहुल गांधी की राजनीतिक गंभीरता उनके पैदल चलने से प्रदर्शित नहीं होती है, बल्कि उनके साथ आये लोगों की भीड़ के वोट में बदलने की संभावना से बनती है।



**तीन महीने बाद ही महसूस की जाने लगी है इस आयोजन के लाभ का मूल्यांकन**

### क्या पार्टी को सक्रिय कर सकेंगे राहुल

राहुल और कांग्रेस के तमाम नेता अच्छी तरह जानते हैं कि पार्टी अभी अपने राजनीतिक इतिहास में सबसे कमजोर स्थिति में है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी अपनी इस यात्रा से भाजपा को चुनावी चुनौती दे सकेंगे। विश्लेषक मानते हैं कि अभी ऐसा होता नहीं दिख रहा है। वास्तव में राहुल गांधी की यह यात्रा भाजपा को चुनौती देने की बजाय कांग्रेस को सक्रिय करने के लिए अधिक है। बीते कुछ सालों में कांग्रेस निष्क्रिय सी थी। लेकिन राहुल का यह उद्देश्य भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। अब इस यात्रा में कांग्रेस के अलावा किसी भी क्षेत्रीय दल के बड़े नेता के शिरकत न करने से राजनीतिक हलकों में ही नहीं, पार्टी के भीतर भी सवाल उठने लगे हैं। जब यह यात्रा महाराष्ट्र से गुजर रही थी, तो उसमें शिवसेना के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे जरूर नजर आये थे, लेकिन वह निजी तौर पर ही शामिल हुए थे। शिवसेना का कोई अन्य बड़ा नेता इसमें शामिल नहीं हुआ। शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी यात्रा से खुद को अलग रखा। न तो शरद पवार खुद गये, न ही उनकी पार्टी का कोई दूसरा नेता ही गया। वैसे भी शरद पवार खुद कांग्रेस के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए ही पार्टी से अलग हुए थे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गठन किया था।

### नये विवाद भी पैदा कर रहे हैं राहुल

अपनी यात्रा के दौरान राहुल जनता से सीधा संवाद तो कर रहे हैं, लेकिन विवाद भी खूब पैदा कर रहे हैं। महाराष्ट्र में वीर सावरकर को लेकर की गयी उनकी टिप्पणी अनावश्यक थी, जबकि मेधा पाटकर की मौजूदगी ने कांग्रेस की 'राजनीतिक अपरिपक्वता' की ही संकेत दिया, क्योंकि पहली बार पीएम मोदी ने इस पर निशाना साधा और अपने भाषण में इसका जिक्र किया। इन तमाम परिस्थितियों को देख कर यह कहना बहुत गलत नहीं है कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का संचालन इवेंट मैनेजमेंट की तरह ही हो रहा है, जिसमें सब कुछ पहले से ही तय है। ऐसे में कहा जा रहा है कि अगर दूसरे राजनीतिक दल इस यात्रा से खुद को अलग रख रहे हैं, तो इसकी जिम्मेदारी भी कांग्रेस पर ही है। समझदारी इसमें होती, यदि यात्रा को शुरू करने से पहले ही कांग्रेस दूसरे राजनीतिक दलों के साथ एक मोर्चा बनाती, तो उसकी सफलता की संभावनाएं बढ़ जातीं। ऐसे में फिलहाल तो ऐसा कतई नहीं लगता कि इस यात्रा के बाद 2024 में राहुल खुद या कांग्रेस अपने दम पर भाजपा और मोदी को चुनौती देने लायक बन सकेगी।

---

## इटावा स्टेशन पर अचानक होने लगा अनाउंसमेंट

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें, डिंपल भाभी को जितायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटावा।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें, मैनपुरी से डिंपल भाभी को जितायें। इटावा जंक्शन पर शनिवार रात करीब 11 बजे अचानक यह अनाउंसमेंट होने लगा। ऐसा 15 से 20 बार हुआ। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को पहले तो लगा कि कहीं स्टेशन पर चुनाव प्रचार तो नहीं हो रहा, लेकिन कई बार सुनने के बाद वे समझ गये कि इन्क्वायरी ऑफिस के माइक से ही ये अनाउंसमेंट हो रहा है। बता दें कि मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा का उपचुनाव लड़ रही हैं।




### अनाउंसमेंट करनेवालों की नहीं हो पायी है पहचान

घटना के दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने कहा कि पहली बार हम लोगों ने रेलवे के अनाउंसमेंट माइक से चुनाव प्रचार की आवाज सुनी। 15-20 बार डिंपल यादव के नारे लगे। कई यात्रियों ने कहा कि क्या अब स्टेशन पर भी चुनाव प्रचार होगा? पुलिस उल्टा हम लोगों से पूछताछ कर रही है। मौके पर मौजूद यात्रियों का कहना है कि रात के समय पूछताछ केंद्र खाली था। तभी कुछ लोगों ने वहां जाकर ये हरकत की है। हालांकि, उन लोगों की अभी पहचान नहीं हो पायी है। यात्रियों ने मामले की पूछताछ खिड़की पर पहुंचकर शिकायत भी की है। मामला सामने आने के बाद रेलवे अधिकारी जांच में जुट गये। आरपीएफ भी अपने स्तर से पड़ताल कर रही है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि यह हरकत किसने की है। रेलवे अधिकारी इस घटना को लेकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### भाजपा बोली, चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे

भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य ने इस बात पर नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग हार से पहले ही बौखला गये हैं। यह घटना दिखाती है कि उन लोगों ने अपनी हार मान ली है। हम लोग इस मामले में फैक्ट जमा कर रहे हैं। इसकी शिकायत चुनाव आयोग में भी की जायेगी। वहीं रेलवे स्टेशन के आरपीएफ ने बताया कि रात को ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने सुबह मामले की जानकारी दी है। मंडल ऑफिस रिपोर्ट भेजी जायेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## होटल से युवती का शव बरामद

**रांची।** राजधानी रांची के होटल से एक युवती का शव बरामद हुआ है। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक स्थित सनराइज होटल का है। जहां रविवार को हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम करने वाली 27 वर्षीय दुलारी कुमारी का शव बरामद किया गया। युवती का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था। शव होटल के ही स्टाफ रूम से बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और कोतवाली थाना पुलिस होटल पहुंच कर छानबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक युवती चतरा जिले की रहने वाली है। वह इस निजी होटल में हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम कर रही थी और होटल में ही रहा करती थी। रविवार की सुबह युवती काम के लिए नहीं आयी, तब होटल के दूसरे कर्मचारियों ने उसकी खोजबीन शुरू की इसके बाद उसके दूसरे स्टाफ ने जब स्टाफ रूम में जाकर उसे खोजने की कोशिश की तो देखा गया कि उसका शव पंखे के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ है। इसके बाद जानकारी पुलिस को दी गयी।

## सिमडेगा : हॉकी खेलकर घर वापस जाने के क्रम में बाइक सवार ट्रैक्टर से टकराये

# एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**मुख्यमंत्री के आदेश पर निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने रिम्स पहुंच कर घायल खिलाड़ियों का लिया हालचाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के गरजा पुराना पानी के निकट सड़क दुर्घटना में 3 हॉकी खिलाड़ी घायल हो गये। वहीं इस घटना में एक बच्चे खिलाड़ी की मौत हो गयी। घायलों का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। कौनपल्ला निवासी गोविंदा, बिटवीन डुंगडुंग, इनोसेंट मिंज एवं अनमोल केरकेट्टा हॉकी मैच खेलने सिमडेगा आये थे। वह अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी क्रम में गरजा पुरानापानी के निकट विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह चारों घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के क्रम में बच्चे अनमोल केरकेट्टा की मौत हो गयी। वहीं गोविंदा, बिट्टू डुंगडुंग, इनोसेंट मिंज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, डीएसइ विनोद कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, झामुमो नेता सफीक खान सहित कई लोग देर रात ही सदर अस्पताल पहुंचे। साथ ही तीनों घायल छात्रों की जानकारी लेते हुए उनका बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। वहीं विधायकों ने चिकित्सकों द्वारा तीनों घायलों के बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर करने के बाद तीनों घायलों को रिम्स भेजवाने में भी मदद की।

### घायल खिलाड़ियों का रिम्स में चल रहा इलाज



राची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर खेलकूद युवा कार्य निदेशालय की निदेशक सरोजिनी लकड़ा रिम्स पहुंची, वहां घायल खिलाड़ियों का हालचाल पूछा। सभी घायल खिलाड़ी अलग-अलग वार्ड में भर्ती किये गये हैं, बिटवीन डुंगडुंग सर्जरी मेडिसिन में भर्ती है, गोविंदा मांझी को सीबी सहाय के न्यूरो वार्ड में भर्ती किया गया है, जबकि तीसरे घायल खिलाड़ी इनोसेंट मिंज अभी सीओटी में इलाजरत हैं। सभी घायल खिलाड़ी रंगारी हाइस्कूल सिमडेगा के फुटबॉल के खिलाड़ी हैं। ये सब शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेने गये थे। घायल खिलाड़ियों से मिलने खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो, खेल सलाहकार झारखंड खेल प्राधिकरण देवेंद्र कुमार सिंह एवं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह रिम्स पहुंचे। जिला खेल पदाधिकारी रांची एवं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को निदेशक द्वारा दिशा निर्देश भी दिये गये और समय-समय पर घायल खिलाड़ियों के परिवार से संपर्क बनाये रखने को भी कहा गया। मुख्यमंत्री, खेल विभाग एवं रिम्स से समन्वय स्थापित कर घायल खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने हेतु रिम्स प्रशासन उचित इलाज की व्यवस्था कर रहे हैं।

## कार्यक्रम : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष वैश्य मोर्चा का शपथ ग्रहण समारोह

# समाज के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष रविवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के नवनियुक्त केंद्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। सभी पदाधिकारियों ने शपथ लिया कि वे संगठन के प्रति निष्ठा रखेंगे और समाज के मुद्दों पर संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। शपथ में यह भी कहा कि वे पार्टी से पहले समाज को प्राथमिकता देंगे। तत्पश्चात यहीं पर नवगठित केंद्रीय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार ने की। बैठक में चर्चा करते हुए कहा गया कि सामाजिक संगठन ही राज्य और समाज में बदलाव ला सकता है। सत्ता और सरकार के पास भले पावर रहती है, लेकिन संवेदना और संघर्ष की क्षमता सामाजिक नेताओं, संगठनों में ही होती है। बैठक में सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किये गये और आगामी कार्यक्रमों की भी घोषणा की गयी। धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहू, डॉ. माधवचंद्र मंडल, केंद्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण साहू, प्रमोद चौधरी, परशुराम प्रसाद, सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, हरिनाथ साहू, दिनेश्वर मंडल, केंद्रीय सचिव शिवनंदन प्रसाद, गुड्डू साहा, राजीव कुमार, रामाशंकर राजन, केंद्रीय संगठन सचिव अनिल वैश्य, राजधाम साहू, लगनू साहू, केंद्रीय सदस्य सत्यनारायण प्रसाद, नरेश साव, श्रवण प्रसाद साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी, कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जयसवाल, आत्माराम चौधरी, रवींद्र कुमार, रेणू देवी आदि उपस्थित थे।



**आगामी कार्यक्रम**

**1 दिसंबर** से झंडा गाड़ो अभियान' प्रारंभ किया जायेगा।

**10 दिसंबर** से पूरे राज्य में सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा. इसकी शुरूआत रांची से की जायेगी।

**15 जनवरी** से जिला सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसकी शुरुआत धनबाद से की जायेगी।

**22 जनवरी** को रांची में वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों का 'महा जुटान' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा

**30 जनवरी** को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर रामगढ़ में 'वैश्य संकल्प सम्मेलन' का आयोजन किया जायेगा।

## रिम्स में भर्ती पूजा सिंघल 60 दिन बाद डिस्चार्ज, होटवार जेल शिफ्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को रिम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। मेडिकल बोर्ड की बैठक के बाद उन्हें डिस्चार्ज करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि पूजा सिंघल रिम्स के पेइंग वार्ड के कमर ए-11 में भर्ती थी। सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की समस्या के बाद रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ प्रकाश कुमार की देखरेख में भर्ती किया गया था। 27 सितंबर को तबीयत खराब होने की आहट मिलते ही आनन-फानन में उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से रिम्स लाया गया था। पूजा सिंघल को माइग्रेन की समस्या भी हुई थी। ऐसे में न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ सुरेंद्र प्रसाद ने भी उनका इलाज किया था। वहीं रिम्स के ऑर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टर के भी देखरेख में उनका इलाज किया गया था। रिम्स से डिस्चार्ज होने के बाद उन्हें वापस बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार जेल ले जाया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.9 °c | 11.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.02 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.10 बजे | |



### जनजातीय सुरक्षा मंच ने निकाली रैली, वक्ताओं ने कहा-

# धर्म बदल चुके आदिवासियों को एसटी के लाभ से वंचित कराना बहुत जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरएसएस से जुड़े आदिवासी संगठन जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले रविवार को विशाल आदिवासी डिलिस्टिंग रैली का आयोजन किया गया। रैली रांची कॉलेज मैदान में हुई। यहां सर्वप्रथम लाल पहाड़ पहाड़ पहाड़ के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा एवं स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया गया। इस आदिवासी महारैली में हजारों हजार की संख्या में लोग विभिन्न क्षेत्रों से अपने अपने हक एवं अधिकार के लिए शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा पदम विभूषण पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष एवं गणेश राम भगत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगलाल पहान, संचालन प्रदीप लाकड़ा एवं कैलाश उरांव तथा धन्यवाद ज्ञापन जगरनाथ भगत ने किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्व कार्तिक उरांव के सपनों को पूरा करना है। जो आदिवासी अपनी परंपराओं को छोड़कर दूसरा धर्म इसाई या इस्लाम धर्म कबूल कर चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से बाहर करवाना है।







**सोमा उरांव ने कहा, आदिवासियों के धर्मांतरण के हमेशा खिलाफ रहे हैं**

जनजातीय सुरक्षा मंच के सोमा उरांव ने बताया कि वे आदिवासियों के धर्मांतरण के हमेशा खिलाफ रहे हैं। उनके सपनों को पूरा करने का बीड़ा मंच ने उठाया है। आदिवासी समाज से जुड़े जो लोग अपनी धर्म संस्कृति, रीति-रिवाज, रूढ़ीवादी परंपरा छोड़ कर इसाई, मुस्लिम धर्म में जा चुके हैं। उन्हें अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से बाहर करना और मिल रहे एसटी का लाभ से वंचित किया जाना जरूरी है। क्योंकि वे आदिवासियों का हक मार रहे हैं। आरोप लगाया कि ऐसे लोग जनजातियों के मिलने वाले लाभ का 80 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर रहे हैं। कहा कि अब ऐसा होने नहीं दिया जायेगा।

# अल्पसंख्यक शिक्षकों को पुरानी पेंशन स्कीम का मिलेगा लाभ : चमरा लिंडा

**अल्पसंख्यक शिक्षकों का राज्य स्तरीय महाधिवेशन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अल्पसंख्यक शिक्षकों का राज्य स्तरीय महाधिवेशन राजधानी रांची के संत जॉन्स हाइस्कूल में संपन्न हुआ। इस मौके पर बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, सिसई विधायक जीगा सुसारेन होरो और जीएल चर्च के बिशप सीमांत समद तिर्की समेत काफी संख्या में संघ के लोग उपस्थित थे।



**अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े हैं**

बतौर मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ वो भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। उनकी सभी समस्याओं और परेशानियों से अवगत हैं। कहा कि अल्पसंख्यक शिक्षकों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ जरूर मिलेगा। उन्होंने मिशनरियों तथा अल्पसंख्यक स्कूलों द्वारा दी जा रही स्तरीय शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाये हुए हैं और समाज, राज्य और देश के विकास में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं।

**नयी नियमावली तभी कैबिनेट में जायेगी, जब कमेटी अप्रूव करेगी**

उन्होंने कहा कि विडंबना है कि कुछ पदाधिकारियों में नकारात्मक विचार होते हैं और उसका खामियाजा सभी को भुगतना पड़ता है। इसके बावजूद आप एकता बनाये रखें, संघर्ष का रास्ता अपनाएं, आंदोलन करें, धरना प्रदर्शन करें, हम हमेशा आप लोगों के साथ रहेंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सकारात्मक रवैया है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि नयी नियमावली तभी कैबिनेट में ली जायेगी, जब उसे कमेटी अप्रूव करेगी।

**अनुमोदन की समय सीमा बढ़ाने की करेंगे मांग**

वहीं, सिसई विधायक जीगा सुसारेन होरो ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर निदेशालय द्वारा अनुमोदन की समय सीमा एक महीने तय करने का आग्रह करेंगे, जिससे अभ्यर्थी को बेवजह सालों-साल परेशानी नहीं उठानी पड़े। वहीं, उन्होंने कहा कि इस तरह का माहौल बनाये जाने की जरूरत है कि पदाधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक काम करें।

**शिक्षक कभी नहीं मरते**

जीएल चर्च के बिशप सीमांत समद तिर्की ने कहा कि 15वीं शताब्दी में मिशनरियां आयीं और सभी के लिए शिक्षा सुलभ करने का मार्ग प्रशस्त किया। उनके अनुसार शिक्षक कभी मरता नहीं। वह विद्यार्थियों में जीवित रहता है और छात्र के सर्वांगीण विकास से ही देश का विकास संभव है।

पेंशन और अनुमोदन को लेकर कई तरह की हैं परेशानियां

महाधिवेशन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष फादर फ्लोरेंस कुजूर ने की तथा केंद्रीय संयुक्त सचिव रमेश कुमार सिंह ने प्रतिवेदन पेश किया। इसमें सप्तम वेतनमान लाभ तथा अन्य सुविधाओं का उल्लेख किया। वहीं, उन्होंने कहा कि पेंशन तथा अनुमोदन को लेकर परेशानियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि हेमंत सरकार इन कमियों को दूर करेगी, क्योंकि यह अवधारणा बनी हुई है कि उनकी सरकार इनकी अपनी है।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर रांची के संत अलोइस उच्च विद्यालय, संत मार्गरेट बालिका उच्च विद्यालय, गोस्सनर उच्च विद्यालय, उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय, बेथेसदा उच्च विद्यालय, कारमेल बालिका उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसका संचालन अनीता कंडीर, ज्योति रोज कुल्लू एवं अंजना बोदरा ने संयुक्त रूप से किया तथा धन्यवाद ज्ञापन फादर विनोद टोप्पो ने किया।

# राज्य सरकार हर महत्वपूर्ण विषय पर लोगों को गुमराह कर रही, बुद्धिजीवी आगे आयें : सुदेश

**अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच का प्रतिनिधि सम्मेलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य के हर महत्वपूर्ण विषय पर सरकार राज्य को गुमराह कर रही। राज्य को सही दिशा मिले, इसके लिए बुद्धिजीवियों को आगे आना होगा। दखल देना होगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के प्रतिनिधि सम्मेलन में सुदेश महतो ने कहा कि अलग राज्य गठन में भी इस तबका का बेहतर योगदान रहा है। सत्ताधारी दल कुर्सी बचाने की खातिर तरह-तरह के राजनीतिक हथकंडा अपनाया जा रहा है। राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए हर वर्ग को गुमराह कर रहा। यही वजह है कि रोजगार, नियोजन नीति जैसे अति महत्वपूर्ण विषय आज हाशिए पर हैं। आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है सरकार की नीति और निर्णय उलझाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृतिकर्मी, साहित्यकार, लेखक, कवि, शिक्षाविद, झारखंड आंदोलनकारी आज अपने ही राज्य में गुमनामी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। इन चुनौतीपूर्ण एवं विपरीत परिस्थितियों में बुद्धिजीवियों की भूमिका और बड़ी हो जाती है।




उन्होंने कहा कि वर्तमान, भूत और भविष्य की बेहतरीन समझ रखने वाले तथा झारखंडी इतिहास एवं राजनीति का लंबा अनुभव समेटे हुए बुद्धिजीवियों को सरकार के कार्यों, नीतियों तथा क्रिया-कलापों पर नजर बनाये रखने की जरूरत है। बुद्धिजीवियों की जिम्मेदारी सामान्य लोगों की जिम्मेदारियों से कहीं बड़ी है। वर्तमान और भविष्य के चिंतन-मंथन तथा समाज को सही दिशा प्रदान करने में उनकी भागीदारी काफी अहम है। बुद्धिजीवियों को सजग एवं जागरुक नागरिक के साथ-साथ सशक्त प्रतिपक्ष की भी भूमिका निभानी होगी, यही समय की मांग है।

प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। जनता के मतों का विश्वास लेने के बाद सरकार सदन के अंदर उस संचित विश्वास का लगातार घात कर रही है। सरकार ने चुनाव से पहले समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु सैकड़ों वादे किये, लेकिन सभी वायदे को एक-एक कर तोड़ा जा रहा है। ये सीधे तौर से विश्वास मत का विश्वासघात है, जनादेश का अपमान है। झारखंड सरोकार से जुड़ी माटी की पार्टी आजसू पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

मौके पर उपस्थित अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के रांची जिलाध्यक्ष डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने राज्य के बुद्धिजीवियों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी एकजुट होकर जनविषयों के प्रति जनचेतना लाने का कार्य करें।

**ये रहे मौजूद**

अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के प्रतिनिधि सम्मेलन में डॉ यूसी मेहता, कामेश्वर प्रधान, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ उषा किरण, शिवशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, लंबोदर महतो, हिमांशु, महतो, मिथिलेश श्रिवास्तव, कैप्टन महेश लोहरा, गंगाधर महतो, महेंद्र मोदी, कौशिक चांद, मो सुहैल, मंजर खान, विजय चंद्र महतो, रामबल्लभ साहू, अरविंद कुमार, वंशराज कुशवाहा, मो शाहबाज, आदित्य महतो, आर प्रसाद इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ विनय भरत ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अंचल किंगर ने किया।

# जेडीयू के खेवनहार बने खीरू, निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड राज्य परिषद की बैठक रविवार को प्रदेश मुख्यालय में हुई। राज्यसभा सांसद और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो पर संगठन ने एक बार फिर से विश्वास जताया है, और उन्हें निर्विरोध पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है। संगठन के नेताओं ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में गठबंधन का निर्णय हमारे संगठन के राष्ट्रीय नेता लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और नीतीश कुमार इसके लिए अधिकृत हैं। संगठन को इस कदर मजबूत करेंगे कि दूसरी पार्टियों को गठबंधन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। नीतीश कुमार का कार्यक्रम लेने का प्रयास किया जायेगा।

**बोले- जिस विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार सदस्य, वहां से लड़ेंगे चुनाव**

खीरु ने कहा कि झारखंड में जदयू को एक नंबर की पार्टी बनाना है। जिस विधानसभा में 10 हजार सदस्य होंगे, वहां से जदयू विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। संगठन के साथ संघर्ष करने वाले लोगों की चुनाव में पार्टी टिकट देने का काम करेगी।

**सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ नीतीश ने युद्ध छेड़ दिया है: गौतम सागर राणा**

जदयू नेता गौतम सागर राणा ने कहा कि एटम बम से ज्यादा ताकतवर देश के नागरिकों की एकता होती है। भाजपा-आरएसएस के द्वारा देश में संकट फैलाया जा रहा है, और इस संकट से उबरने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काम कर रहे हैं। संप्रदायिकता को लेकर नीतीश कुमार ने युद्ध छेड़ दिया है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से झारखंड के आवाम के बीच संगठन को जाना चाहिए। इसे लेकर विचार किया जा रहा है।

**इनकी रही मौजूदगी**

गौतम सागर राणा, धनंजय कुमार सिन्हा, श्रवण कुमार (महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी), सागर कुमार (प्रवक्ता), पिंटू कुमार सिंह(धनबाद जिला अध्यक्ष), अशोक चौधरी, भगवान सिंह, कामेश्वर दास(पूर्व विधायक, देवघर) के अलावा अन्य नेता मौजूद रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** — परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** — रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** — परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### पंचायत को आधार मानकर अनुसूचित क्षेत्र का निर्धारण हो, मूलवासी सदानों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि झारखंड अलग राज्य बना

# ओबीसी को आरक्षण नहीं देना और 12 जिलों को पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना असंवैधानिक: राजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हर समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करवाना सभी राजनीतिक दलों का दायित्व बनता है। अनुच्छेद 243टी सभी समाज और समुदाय को अधिकार मिले और चुनाव रोटेशन होते रहे इसका अधिकार देता है। इसी संवैधानिक प्रावधानों के तहत महापौर रांची के पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। आगे ओबीसी और सामान्य वर्ग को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रांची के एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित है करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ी जातियों के साथ-साथ मूलवासी सदानों के सवर्ण समुदायों का भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण व वह जनगणना करवाया जाये । जिससे ओबीसी के साथ सदान समुदाय के सवर्णों को भी आरक्षण का लाभ मिल सके और कानूनी अड़चन की बाधा को भी दूर किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि नगर निकाय चुनाव में जब तक पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित नहीं किया जाता है तब तक निकाये चुनाव नहीं कराने का आग्रह सरकार से किया। उन्होंने सदान आयोग बनाने की मांग की है,जिससे सदानों के हरेक वर्ग को लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि झारखंड के 12 जिलों को पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना गैर संवैधानिक है। प्रसाद ने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जिला के बहुत सारे पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है। जिसके कारण वैसे पंचायतों में पंचायत का चुनाव भी नहीं हो पाया था। उन्होंने बताया कि रांची जिला में अनुसूचित जनजाति की आबादी 35% पूर्वी सिंहभूम में 28% साहिबगंज में 26% सरायकेला खरसावां में 35% जामताड़ा में 30% लातेहार में 45% दुमका में 43 प्रतिशत पाकुड़ में 42% है ऐसे में इन पूरे जिलों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना सरासर गलत है और संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि अन्य प्रदेशों के अनुसूचित क्षेत्रों का जैसे मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश ,एवं आंध्रप्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि इन जिलों में ऐसे क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है जहां पर आदिवासियों की आबादी 56% से अधिक है।




उन्होंने कहा कि भारत सरकार झारखंड की विधानसभा की सीट को 81 से बढ़ाकर 160 करे, जिससे सभी वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने साथ में विधान परिषद का गठन करने का भी मांग भारत सरकार से की। मोर्चा के सलाहकार पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि यह सच है कि हिंदू ज्यादातर संख्या में भाजपा को वोट करते हैं साथ अन्य दलों को भी वोट करते हैं तथा ज्यादातर मुस्लिम कांग्रेस और क्षेत्रीय दल को वोट करते हैं लेकिन आश्चर्य की बात है कोई भी दल सदानों के अधिकार के पक्ष में खड़ा होने को तैयार नहीं है। आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने कहा कि सदानों ने अलग राज्य की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया लेकिन राज्य बनने के बाद मूलवासी सदान दोयम दर्जा का नागरिक बन कर रह गये हैं। नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद ने कहा अब तो हद हो गयी सदानों की क्षेत्रीय भाषाओं के साथ भी अब भेदभाव किया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह प्रो अरविंद राम आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel




## धर्मांतरित लोग आदिवासियों का हक लूट रहे हैं : फुलचंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर में डीलिस्टिंग मामले पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति हमेशा से धर्मांतरण को लेकर आवाज उठाती रही है। जिसका परिणाम है झारखंड में धर्मांतरण निषेध बिल 2017 लागू किया गया है। जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन करने पर तीन साल की सजा के प्रावधान के साथ-साथ एक लाख रुपये का जुर्माना भी है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरित लोग आदिवासी का ढोंग कर अनुसूचित जनजाति का लाभ ले रहे हैं जिस कारण मूल आदिवासी अपने हक और अधिकार से वंचित हो जाते हैं और धर्मांतरित लोग लाभ ले लेते हैं। वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मुसलमान भी अनुसूचित जनजाति का लाभ लेकर मुखिया सरपंच बन रहे हैं। आने वाले समय में कुर्मी तेली भी आदिवासी बनने के लिए धर्मांतरण का इस्तेमाल करेंगे। सरकार आदिवासियों को हिंदू बना रही है और हिंदू को आदिवासी। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर, लोहरा बाना मुंडा, विनय उरांव, विमल कच्छप, धीरू उरांव एवं अन्य शामिल थे।

## पारस में 105 वर्षीय महिला के लीवर हाइडेटिक सिस्ट का सफल ऑपरेशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची के पारस अस्पताल में हजारीबाग निवासी 105 वर्षीय महिला जिनके पेट में एक सिस्ट पाया गया जिसके कारण पीड़ित महिला को असहनीस दर्द हो रहा था। महिला मरीज ने कई चिकित्सकों से संपर्क किया किंतु दर्द से उन्हें निजात नहीं मिली। बीमारी से संबंधित जांच ना होने के कारण धीरे-धीरे सिस्ट ने इतना बड़ा रूप ले लिया कि वह पेट को चीरते हुए बाहर निकलने लगा। जिसके बाद महिला मरीज के घरवालों ने इलाज के लिए रांची में एचइसी स्थित पारस अस्पताल के डॉ रमेश दास से संपर्क किया। रमेश दास ने सीटी स्कैन रिपोर्ट को देखा और पाया की महिला को लीवर हाइडेटिक सिस्ट है और लिवर का 80% हिस्सा सिस्ट में बदल चुका है। हालत यह थी सिस्ट पेट के चमड़े को फाड़ते हुए बाहर निकल रहा था।

डॉक्टर रमेश दास ने महिला मरीज के परिजनों से सलाह कर ऑपरेशन के द्वारा सिस्ट को निकालने की तैयारी शुरू कर दी। महिला मरीज के ऑपरेशन के लिए सबसे बड़ी समस्या एनेस्थीसिया दिये जाने को लेकर थी। क्योंकि महिला की उम्र 105 साल थी और इस उम्र में किसी को एनेस्थीसिया देना खतरनाक भी साबित हो सकता था। लेकिन एनेस्थीसिया हेड डॉ संजय वर्मा और उनकी टीम ने गंभीर निर्णय लेते हुए उक्त महिला मरीज को एनेस्थीसिया देने का फैसला लिया। डॉ रमेश दास और डॉ ओम प्रकाश ने महिला मरीज की सफल सर्जरी कर उस बड़े से सिस्ट को महिला के शरीर से बाहर निकाला। इस सफल सर्जरी के मरीज के परिजन काफी खुश हैं और साथ अब वह महिला मरीज भी सहज महसूस कर रही है।

### जमीन कारोबारी हत्याकांड में शामिल अपराधियों की हुई पहचान

# 5 लाख रंगदारी न देने से नाराज हवलदार के बेटे ने मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू टीओपी के सामने हुए जमीन कारोबारी हत्याकांड में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गयी है। पांच लाख रंगदारी नहीं मिलने से नाराज झारखंड पुलिस में हवलदार सोमरा मुंडा के बेटे रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी ने जमीन कारोबारी धवन राम की हत्या की है। इस बात की पुष्टि पुलिस जांच में हो चुका है। हवलदार सोमरा मुंडा का बेटा रोहित मुंडा 27 जनवरी को गैंगवार में मारे गये कुख्यात अपराधी कालू लामा गिरोह का शार्प शूटर है। धवन राम को गोली मारने के समय बीड़ी के साथ उसका सहयोगी रोहन श्रीवास्तव और अभिषेक मल्लिक भी थे। इसके अलावा दूसरी बाइक से दो अन्य अपराधी भी वहां पहुंचे थे, जो धवन की रेकी कर रहे थे। धवन राम हत्याकांड में शामिल पांच अपराधी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। मालूम हो कि 23 नवंबर की शाम लगभग साढ़े छह बजे बाइक सवार अपराधियों ने एदलहातु टीओपी के सामने ही जमीन कारोबारी धवन राम की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के समय बिजली कटे होने की वजह से अपराधियों का चेहरा सीसीटीवी में कैद नहीं हो पाया था।

**कालू लामा गिरोह का शार्प शूटर है बीड़ी मुंडा**

### एक महिला समेत पांच संदिग्ध से पूछताछ, शूटर की तलाश में की जा रही छापामारी

हत्याकांड के बाद पुलिस ने लामा गिरोह से ताल्लुकात रखने वाले चार संदिग्ध से लगातार पूछताछ कर रही है। वहीं फरार मुख्य शूटर बीड़ी की बहन को भी पुलिस ने शनिवार को उसके घर से हिरासत में लिया है, ताकि पारिवारिक दबाव बनाया जा सके। देर शाम तक शूटर की बहन को भी हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही थी। हालांकि हिरासत में लिये गये संदिग्ध ने पुलिस को कोई अहम जानकारी नहीं दी है, जिससे हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सके।

### दो बाइक से पहुंचे थे पांच अपराधी, चारों तरफ से कर ली घेराबंदी

गोली मारने से पहले अपराधियों ने पूरी प्लानिंग की थी। शूटरों को इस बात की पूरी जानकारी पहले ही मिल गयी थी कि धवन राम प्रत्येक दिन शाम लगभग साढ़े छह बजे खटाल से दूध लाने के लिए जाता है। दूध लेकर घर जाते वक्त अंधेरा हो जाने की वजह से अपराधियों ने वह समय चुना। पूर्व प्लानिंग के तहत ही दो बाइक पर सवार पांच अपराधी खटाल के समीप पहुंचे थे। हालांकि उस वक्त जमीन कारोबारी सड़क की दूसरी ओर जाकर दोस्तों के साथ आग ताप रहा था। बिजली कटे होने की वजह से अपराधियों को भी मौका मिल गया, जिसके बाद सभी ने उन्हें चारों ओर से घर लिया। जब तक धवन राम कुछ समझ पाते, बीड़ी ने कमर से पिस्टल निकाल कर ताबड़तोड़ तीन गोयिांल मार दी। इसके बाद सभी अपराधी वहां से फरार हो गये।

### बीड़ी पहले भी दो कारोबारियों को मार चुका है गोली, जेल से छूटकर मांग रहा था रंगदारी

लामा गिरोह का शार्प शूटर रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी पहले भी दो जमीन कारोबारियों की हत्या कर चुका है। लालपुर थाना क्षेत्र के आदिवासी हॉस्टल के समीप जमीन कारोबारी कुंदन सिंह और बरियातू थाना क्षेत्र में प्रीतम सिंह को गोली भी बीड़ी ने मारी थी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। हालांकि जेल से छूटने के बाद वह दोबारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जमीन कारोबारी को धमकी देते हुए रंगदारी की मांग कर रहा था। इसके अलावा हत्याकांड में शामिल अभिषेक मल्लिक को भी कांके पुलिस ने 27 जुलाई 2021 को जमीन कारोबारी अजय मुंडा की हत्या करने के आरोप में जेल भेजा था। धवन राम हत्याकांड में शामिल अन्य सभी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है।

## भारत ही वास्तविक रूप में लोकतंत्र की जननी है: तपन कुमार शांडिल्य




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संविधान दिवस के मौके पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का थीम था, मदर ऑफ डेमोक्रेसी। करीब 11.30 बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, डीएसडब्लू डॉ अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह और मुख्य वक्ता के रूप मे निर्मला कॉलेज के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजना सिंह मौजूद थीं।

डॉ अनिल कुमार के स्वागत भाषण के उपरांत सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना से संबंधित शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने संविधान दिवस के थीम पर प्रकाश डालते संविधान दिवस की प्रासंगिकता, इसके महत्व और विशेषता पर अपने विचार वयक्त किये। उन्होंने कहा कि किस प्रकार भारत में लोकतांत्रिक मूल्य प्राचीन काल से ही मौजूद रहे हैं और भारत वास्तविक रूप में लोकतंत्र की जननी है।

मुख्य वक्ता निर्मला कॉलेज के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजना सिंह ने कहा कि 2015 से भारत में संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसके पूर्व यह विधि दिवस के रूप मे मनाया जाता था। डॉ अंजना सिंह ने कहा कि स्वेच्छाचारी शासन के स्थान पर संवाद कर, सबकी राय को महत्व देकर जो निर्णय लिया जाते है, वह ही सच्चा लोकतंत्र है। विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के छात्र अमितेश, श्रेया, अंजलि, रेणु ने भी संविधान और लोकतंत्र के विषय पर अपने उदगार व्यक्त किये और मंच का संचालन डॉ शमा सोनाली एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुचि संतोष बरवार ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक की मौजूदगी रही।

## 22 झारखंड बटालियन ने मनायी एनसीसी की 74वीं वर्षगांठ



अजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में 22 झारखंड बटालियन ने कर्नल हरमीत की कमान के अंतर्गत एनसीसी कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में 500 कैडेट्स, 24 अन्य अधिकारी एवं झारखंड के विभिन्न जिलों से स्टाफ ने भाग लिया और एनसीसी की 74वीं वर्षगांठ मनायी गयी। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल हरमीत सिंह ने बताया कि एनसीसी ने कोविड-19 के दौरान सिविल एडमिनिस्ट्रेशन को इस पेंडमिक से निबटने में भरपूर सहयोग दिया। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया मूवमेंट, पूनीत सागर अभियान जैसे कई सामाजिक कार्यों में अभूतपूर्व योगदान दिया है ।

## नामकुम में आपसी विवाद में पत्नी पर तेजाब फेंक पति फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया। इस हमले में पत्नी बुरी तरह से जख्मी हो गयी। आरोपी पति मौके से फरार हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में पीड़िता को रिम्स में भर्ती कराया, जहां बर्न वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। आरोपी की पहचान आमिर के रूप में की गयी है, वहीं पीड़िता का नाम हिना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी ली और छानबीन में जुट गयी। बताया जाता है कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रात में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

## अधिकार के लिए एकजुट हो दलित समाज : रजक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनु0 जाति समन्वय समीति की बैठक दलित बस्ति चिरौंधी में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता समीति के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र रजक व संचालन राम लगन राम ने किया। बैठक में उपेंद्र रजक ने कहा कि संविधानिक रोस्टर के अंरूप रांची नगर निगम महापौर के सीट अनु जाति के लिए आरिक्षत हुआ है। जिसे राजनीति कारणों व अनफन में टीएसी बैठक बुलाकर दबाव व अलोकतंत्रिक तरीके से चुनाव टालने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि टीएसी ही संविधानिक नहीं है तो उसके आड़ में राजनीति किया जा रहा है। आज सफाई कर्मी दलित के बेटा को संविधान के तहत मेयर का पद आरक्षित हुआ तो सरकार के पेट में दर्द होने लगा। इससे पता चलता है कि सरकार का दलितों के प्रति मंसा क्या है। रामलगन राम, नीरज नायक, राकेश राम, योगेंद्र लाल, प्रदीप मिरधा, विनोद राजन ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार राज्य में रह रहे 50 लाख दलितों का संविधानिक आधिकारों को छिन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले 1932 के अध्यादेश में अनु जाति शामिल नहीं किया सिर्फ आदिवासी व मुलवासी जोड़ा है। साथ ही इस तरह के प्रयास कर सामाजिक टकराव पैदा कर रही है।

उपेंद्र रजक, अजय तुरी, संतोष रवि, सत्येंद्र रजक, छोटू पासवान ने कहा कि संविधानिक अधिकार के लिए अनु जाति समाज को गोलबंद कर संघर्ष किया जायेगा।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बीके दास, संजय रजक, दिलीप राम, मोहन राम, सुरज नायक, इंदर देव राम, जिवन राम, अनिल कुमार, गोबिंदा वाल्मीकि, अजय वाल्मिकी, राजेश पासवान, अकलेश रजक जितेंद्र केडिया आदि उपस्थित थे।

## जेसीआइ एक्सपो का संडे धमाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्सपो किसी पहचान का मोहताज नहीं है। आज 2 वर्ष के बाद एक्सपो में लोगों का हुजूम देखने को मिला और वही पुराने दिनों की झलक दिखी जो कोविड के पहले दिखा करती थी। एक्सपो जो कि मोराबादी में 24 से 28 नवंबर तक लगा है । सभी हैंगर में ग्राहकों की लंबी कतारें लगी थीं और स्टॉल धारक बहुत खुश दिखे। आज रविवार को एक्सपो में लाइव म्यूजिशियन परफॉर्म कर रहे थे और लोगों का मनोरंजन कर रहे थे। शनिवार को मिड्नायट कार्निवल का आयोजन हुआ था जिसमें काफी लोगों ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त ग्रैंड फैशन शो का भी आयोजन किया गया था जिसमें भारी संख्या में लोग थे और उसके बाद ओशो बैंड ने भी लाइव परफॉर्म किया जिसमें लोगों ने बहुत ही एंजॉय किया।

इन सब के साथ एक्सपो में रोज ही कुछ नया और अलग होते आ रहा है जैसा कि वॉइस ऑफ एक्सपो, बच्चों के लिए पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन इत्यादि। उसी में आज बच्चों के लिए पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन हुआ जिसमें कि ग्रुप 1 में एलिना तस्लीम ने तीसरा स्थान दक्ष जैन को दूसरा और आव्य सिन्हा को पहला स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप 2 में पूर्वी पटेल ने तीसरा सांची को दूसरा और सुमित उरांव को प्रथम स्थान मिला। ग्रुप 3 में अद्दत पल को प्रथम, निर्मल अग्रवाल को दूसरा और पहल जैन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप 4 में प्रिया श्री को पहला, अनन्य राठौर को दूसरा और अलसरा जैन को तीसरा स्थान मिला।

ग्रुप 5 में अनन्य राय को पहला, सिद्धार्थ सिंह को दूसरा और कनिष्क केशरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

फैंसी ड्रेस कंपटीशन में ग्रुप 1 में अनय सहाय को पहला इगनूर कौर को दूसरा और ध्रुव अरोड़ा को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप 2 में हर्षल जैन को पहला नमन अग्रवाल को दूसरा और विहान चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोमवार को एक्स्पो का आखिरी दिन है और जो भी लोग एक्सपो अभी तक नहीं आ पाये हैं वो आ कर मेले का आनंद उठा सकते हैं।

### वात्सल्य उत्सव में 200 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर सहित कई उपकरण प्रदान किये गये

# एक-दूजे के अटूट बंधन में बंधे 51 नवदंपति जोड़े





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वावधान में तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से गौशाला प्रांगण सुकूरहुटू कांके में नर-सेवा ही नारायण-सेवा के तहत सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में 51 जोड़े सात जन्मों के रिश्ते में बंध गये। सामूहिक विवाह में 26 जोड़ों की शादी समाजसेवी मुरारी अग्रवाल एवं सरोज अग्रवाल तथा पुत्री नेहा अग्रवाल एवं दामाद प्रवीण अग्रवाल के विवाह वर्षगांठ के अवसर पर तथा 25 जोड़ों की शादी राजीव केडिया मुन्ना की 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उपहार स्वरूप भेंट की गयी। झारखंड के विभिन्न जिलों से आये सभी 51 नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरे रस्मो, बारात, वरमाला, फेरों एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ। सभी जोड़ों को गृहस्थी की सामग्री के साथ- साथ विवाह का प्रमाण पत्र दिया गया। समारोह में आये सभी सम्मानित अतिथियों ने सभी 51 जोड़ों नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। पूरा परिसर फूलों से सजाया गया था।

वात्सल्य उत्सव में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति व 200 दिव्यांग जनों एवं विशेष प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो, छड़ी, वैशाखी, वाकर, आदि का वितरण किया गया। सभी दिव्यांग उपकरण पाकर खुशी से लबरेज दिखे। तथा आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम से आये सभी वृद्ध जनों को सेवा देते हुए सम्मानित किया गया। तथा वात्सल्य उत्सव में पधारे 40 किन्नर समुदायों को आदर- सत्कार करते हुए सम्मानित किया गया। उत्सव में छऊ नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग नृत्य-संगीत से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह गौ-सेवा के साथ किया।

सामूहिक विवाह समारोह में पधारे सभी वर-वधू पक्ष के बारातियों एवं सभी गणमान्य लोगों के लिए विशेष पकवान परोस कर स्वागत सम्मान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि समारोह में- विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी जगरनाथ शाही, कैलाश केसरी, मुरारी अग्रवाल, मधुसूदन बुधिया, राजीव केडिया, उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, प्रदीप राजगढ़िया, ओपी अग्रवाल, मुकेश काबरा, भानु प्रकाश जालान, बसंत कुमार मित्तल, रवि शंकर शर्मा, संजय सर्राफ, नीरज भट्ट,फतेह चंद्र जैन, उम्मेद मल जैन, भगवती भुवालका, वीरेंद्र साहू, शत्रुघ्न गुप्ता, सोहन दारूका, अरविंद सोमानी, विकास अग्रवाल, वासुदेव भाला, रोहित शारदा, अरविंद बंका, मनीष लोधा, सतीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नरेश बंका, नीलेश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, विक्रम खेतावत, अनु पोद्दार, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का दिल्ली में कार्यक्रम

# हमारे एजेंडे में है जनसंख्या नियंत्रण कानून और कॉमन सिविल कोड : संजय सेठ

**इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वावधान में नयी दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व फाउंडेशन के प्रमुख इंद्रेश ने किया। वहीं भारत सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह व रांची के सांसद संजय सेठ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में देशभर से आये लोगों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि इस मुद्दे पर सदन में मैंने तीन बार अपनी बात रखी है। अभी शीतकालीन सत्र में भी जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर सरकार से मैं आग्रह करूंगा कि देश के हित में यह कानून अविलंब बनाया जाये और इसे लागू किया जाये।

सांसद ने कहा कि देश में बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि हो रही है। यह आने वाले दिनों के लिए खतरनाक संकेत है। वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या 130 करोड़ से अधिक है। आजादी के समय यह संख्या 10 करोड़ के आसपास थी। इसी तरह जनसंख्या बढ़ती रही, तो वर्ष 2027 तक हम



चीन को भी पीछे छोड़ देंगे। वर्ष 2050 तक हमारी जनसंख्या 160 करोड़ से अधिक हो जायेगी।

श्री सेठ ने कहा कि हमारे पास संसाधन सीमित हैं. जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है, हमारे संसाधन उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमारे समक्ष कई चुनौतियां मुंह बाये खड़ी होंगी। हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी कई तरह की समस्याओं से जूझना होगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए अविलंब कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी हमने कदम नहीं उठाया, तो इसके दुष्परिणाम बहुत जल्द सामने आयेंगे। इससे हमें काफी नुकसान होने वाला है। चाहे विकास योजनाओं की बात हो, प्राकृतिक संसाधनों की बात हो, नागरिकों को आवास, शौचालय, रोजगार आदि उपलब्ध कराने की बात हो, हर तरफ समस्या बढ़ने वाली है।

सांसद ने कहा कि स्थापना काल से ही भाजपा-जनसंघ ने अपने एजेंडे में जनसंख्या नियंत्रण कानून और कॉमन सिविल कोड को रखा है। गृहमंत्री अमित शाह ने इस मामले में गंभीरता दिखायी है। राम मंदिर, तीन तलाक, धारा 370, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे कई मामलों पर हमारी सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून और कॉमन सिविल कोड जैसे मुद्दों पर निर्णायक कदम उठायेगी, यह पूरे देश को विश्वास है। इस कार्यक्रम में झारखंड सहित देशभर से आए सभी भाइयों-बहनों का सांसद ने आभार व्यक्त किया।

## मेडल जीतनेवाली छात्राओं को दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। पिछले दिनों खेलो इंडिया वुशु महिला लिग जोनल प्रतियोगिता खेल गांव में आयोजित हुई। इसमें आचार्यकुलम के दस छात्राओं ने भाग लिया। इसमें से तीन छात्राओं ने मेडल जीतने में सफलता प्राप्त की है। प्रगति निधि सोय और लिपिका श्रेष्ठ को रजत पदक तथा सायशा सिंह को कांस्य पदक मिला। उपर्युक्त छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान निश्चित कर लिया है। उनका यह प्रयास सराहनीय है। इस उपलब्धि के लिए आचार्यकुलम की प्राचार्या सुजाता कौर और स्वामी दिव्य देव ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शहीद सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सिपाही विद्रोह के जननायक अमर सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव एवं अमर शहीद के वंशज स्व. ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव को नमन कर अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में सेक्टर 2 राजेंद्र भवन के मैदान में रविवार को दिन के दो बजे शहीद सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड 37 पार्षद आनंदमूर्ति एवं विशिष्ट अतिथि युवा नेता रोहित नारायण सिंह, एचइसी के यूनियन नेता भवन सिंह, रामसहाय सिंह मुंडा, फरहाना खातून, नीलम चौधरी, किशनकांत कुमार, इंदर गोप, मुख्तार अंसारी, परवेज खलीफा की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्तार अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के जीवनी को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाये। वहीं वार्ड पार्षद आनंद मूर्ति ने कहा कि अंग्रेजों की दी गयी सजा आज भी उनके परिवार झेल रहा है। विभिन्न सरकारों के पास अपनी मांग रखी



जाती रही, परंतु सरकार उदासीन बनी रही।

वार्ड 37 पार्षद आनंदमूर्ति सिंह ने कहा कि एचइसी कारखाना को सरकार ने अमर शहीद की पंद्रह सौ एकड़ जमीन मुफ्त में दे दी परंतु एचइसी प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी एचईसी में अमर शहीद के वंशजों को नौकरी नहीं दिया और ना ही उनके उत्तराधिकारी को मुआवजा ही दिया। एचइसी के नेता भवन सिंह ने कहा कि अंग्रेजो द्वारा दिया गया सजा आज भी अमर शहीद का परिवार भोग रही है। युवा नेता रोहित नारायण सिंह ने कहा कि अध्ययन केंद्र है जो अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम से संचालित है उसके आवास को एचइसी प्रबंधन अब छीन लेना चाहती है। कृष्णकांत राम ने कहा कि शहीद को हर स्तर पर सम्मान दिलाना है। फरहाना खातून ने हाथ में हाथ मिला कर संघर्ष करने का आवाहन किया। समारोह का संचालन सत्य प्रकाश सुमन के द्वारा किया गया। वहीं इंदर गोप, झारखंड आंदोलनकारी नेता रामसहाय सिंह मुंडा और मोइन अंसारी ने भी अपने विचार रखे।

अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के पदाधिकारियों का स्वागत किया और आगामी 8 जनवरी 2023 को अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस शहादत स्मारक स्तंभ हटिया में मनाते हुए एक दिवसीय धरना देने की बात कही। अंत में अध्ययन केंद्र के पदाधिकारी परवेज खलीफा ने धन्यवाद ज्ञापन और सभा का समापन किया।

समारोह में वार्ड पार्षद आनंदमूर्ति सिंह, रोहित नारायण सिंह, राम सहाय सिंह मुंडा, मोइन अंसारी, मुख्तार अंसारी, नीलम चौधरी, फरहाना खातून, इंदर गोप, परवेज खलीफा, चंदन कविराज, गुप्तेश्वर सिंह, सीताराम ओहदार, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, भोला कांत एडवोकेट, संतोष राय, अजीत राय, विकास जैन, विकास रंजन, विवेक रंजन चौहान, अभिषेक रंजन, अनिल कुमार सिंह, अनुज सिंह, चिंटू दुबे, सोनू सिंह, पंकज कुमार, राकेश उरॉव, जैम्स मिंज, चंदन कविराज, हरिदास चौधरी, सुरेश सिंह, अशोक सिंह आदि ने शहीद को श्रद्धांजलि दी।

# स्कूली बच्चों को पोशाक देने के मामले में झारखंड सरकार पीछे

**सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 38.29 लाख बच्चों में 24.49 लाख को ही मिली पोशाक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकारी स्कूल के कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को पोशाक देने के तय लक्ष्य से झारखंड सरकार काफी पीछे है। अब तक केवल 64 प्रतिशत बच्चों को ही सरकार पोशाक उपलब्ध करा पायी है। यह खुलासा झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल की रिपोर्ट में हुई है। सरकार का लक्ष्य कुल 38,29,076 लाख बच्चों को पोशाक उपलब्ध कराना था, लेकिन नवंबर 2022 तक कुल 24,49,980 लाख बच्चों को ही ड्रेस मिल पाया। हालांकि पिछले एक माह में पोशाक देने में सरकारी स्कूल की स्थिति में कुछ सुधार भी देखा गया है। अक्टूबर 2021 तक 21,37,597 बच्चों को पोशाक मिला था, जो कि नवंबर 2022 तक बढ़ कर 24,49,980 हो गया। यह बढ़ोतरी कुल 3,12,383 की है।

**पोशाक देने में अपनायी जाती है यह प्रक्रिया :** बच्चों को पोशाक देने में सरकार स्वयंसेवी समूहों, महिला मंडल या सखी मंडल द्वारा तैयार पोशाक को प्राथमिकता देती है। जब स्वयंसेवी समूह द्वारा पोशाक नहीं दिया जाता है, तब वहां सरकार बच्चों के बैंक खाता में राशि भेजती है। जिन बच्चों का बैंक खाता नहीं है, उनके लिए राशि विद्यालय प्रबंधन समिति के खाता में भेजी जाती है।

**राशि देने में केंद्र और राज्य का अनुपात 60: 40 :** सरकारी स्कूलों के कक्षा एक से आठ तक पढ़ने वाले सभी वर्ग के बच्चों पोशाक दिया जाता है। पोशाक देने में जो राशि खर्च होती है, उसमें केंद्र और राज्य का अनुपात 60:40 होता है। पोशाक देने में राशि इस तरह से होती है। कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों को दो सेट पोशाक, एक स्वेटर और जूता, मौजा के लिए 600 रुपये, कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को पोशाक के लिए 400 रुपये, स्वेटर के लिए 200 और जूता मौजा के लिए 160 रुपये।

**पिछले साल भी पोशाक की राशि लौटायी गयी थी :** सरकारी स्कूल के बच्चों को पोशाक नहीं मिलने का एक कारण बैंक अकाउंट का भी नहीं खुलना है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में भी कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को पोशाक के लिए सरकार ने 217 करोड़ रुपये सभी जिलों को दिए थे। इसमें से महज 133 करोड़ रुपये ही बच्चों के खाते तक पहुंच पायी। कारण, कई बच्चों का बैंकों में खाता नहीं खोला गया था। इस वजह से शेष राशि को वापस करना पड़ा।

**अबतक कुल 61 प्रतिशत बच्चों का ही खुला है बैंक अकाउंट :** जेइपीसी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अभी तक कुल 61 प्रतिशत सरकारी बच्चों का ही बैंक अकाउंट खोला गया है। इसमें रामगढ़ और पूर्वी सिंहभूम में 88, देवघर और लोहरदगा में 83 प्रतिशत, खूंटी में 79 प्रतिशत बच्चों का अकाउंट खुल पाया है। अकाउंट खोले जाने में सबसे खराब स्थिति हजारीबाग, चतरा और गिरिडीह जिले का है। यहां पर क्रमशः 44 प्रतिशत, 36 प्रतिशत और 31 प्रतिशत सरकारी बच्चों का अकाउंट खुल पाया है।

## विधायक ममता देवी ने इलाज के लिए सौंपा 75 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला स्थित विधायक कार्यालय में शनिवार को रामगढ़ विधायक ममता देवी ने चाड़ी निवासी मो. इम्तियाज अंसारी की पत्नी के इलाज हेतु 75 हजार का डिमांड ड्राफ्ट सौंपा। बताया गया कि मो. इम्तियाज अंसारी की पत्नी स्पाइन ट्यूमर से ग्रसित है। जिनके इलाज के लिए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत कोष से विधायक ने 75 हजार का डिमांड ड्राफ्ट सौंपा। विधायक ममता देवी ने कहा कि हमारी सरकार हैं। हमारी सरकार में काम बोलता है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में रामगढ़ विधानसभा में सबसे ज्यादा मरीजों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से एक लाख तक हो या आसाध्य रोग दस लाख तक हो या कल्याण विभाग से तीस हजार, सबसे ज्यादा सहायता दिया गया है। जिससे मरीजों को काफी लाभ मिला है। इसकी जानकारी विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य विभाग) कमलेश कुमार महतो ने दिया।

## हनुमान मंदिर में सुंदरकांड सामूहिक पाठ का आयोजन तीन दिसंबर को

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद राजाराम मोहन राय शाखा ( रामगढ़ ) के तत्वावधान में नया बस पड़ाव स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिसंबर को सुंदरकांड (रामायण) सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए शाखा के अध्यक्ष सुशील कुमार, सचिव विजय कांत कुशवाहा, कैलाश चंद्र साह, राजेंद्र शर्मा, लल्लू सिंह,सुनील कुमार, संतोष सिंह और वासुदेव प्रसाद ने बताया कि पाठ के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण के साथ ही महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा बलकुदरा लोकल सेल खोलने को लेकर आंदोलन करेगा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को बलकुदरा में हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा ने की। कहा गया कि पिछले कई वर्षों से प्रबंधन सीटीओ लेने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर झूठे-लोक लुभावन आश्वासन देती रही। लेकिन यह कभी धरातल पर नहीं उतरा। आश्वासन कागजों तक ही सीमित रह गया। स्थानीय ग्रामीण शुरू से ही लोकल सेल खोलने की मांग करते आ रहे हैं। निर्णय हुआ कि 15 दिनों के अंदर प्रबंधन लोकल सेल खोलने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की तो मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगा। मोर्चा द्वारा बलकुदरा आउटसोर्सिंग में चल रहे डिस्पैच को अनिश्चितकालीन ठप कर दिया जायेगा। यह भी निर्णय हुआ कि जल्द ही प्रबंधन को लोकल सेल खोलने सहित 10 सूत्री मांग-पत्र सौंपा जायेगा। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, पंसस राजू मुंडा, विजय साहु, अमर यादव, राजेश यादव, रामदेव यादव, दिनेश मुंडा, उकेश यादव, मनोज यादव, प्रेम मुंडा, दिनेश यादव, रवि मुंडा, राजन प्रसाद, मुकेश यादव, विकास कर, सुशिल उरांव, रॉकी, मुंडा, सुनील मुंडा, सुशील मुंडा, अनिल, गोपी करमाली, विनोद मुंडा शशि मुंडा, हिरालाल मुंडा, रंजीत उरांव, रोहित महली, रामजीत मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## टंडवा पुलिस ने अवैध कोयला लदा हाइवा किया जब्त

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध परियोजना से कुडलोंगा सराढु होते बीते शनिवार रात्रि थाना क्षेत्र के कुमरांग खुर्द में गाड़ी संख्या जेएच 02 एजी 8244 अवैध कोयला लदे हाइवा को टंडवा पुलिस ने जब्त किया। थाना प्रभारी सह इस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने पुष्टि करते हुये बताया कि कांड संख्या 287/22 के तहत कार्रवाई की गयी है। लिफ्टर एवं डीओ ने मिली भगत कर अवैध कोयला को तस्करी करने की योजना टंडवा पुलिस विफल कर दी। उन्होंने कोयला माफियाओं को चेताया की अवैध इंट्री करने वालो को टंडवा पुलिस ऐतिहासिक कार्रवाई करेगी।

## राज्य में 5जी का है बेसब्री से इंतजार

**रांची (आजाद सिपाही)।** देश के कई प्रमुख शहरों में एयरटेल और जियो ने 5जी की शुरुआत कर दी है। रांची सहित झारखंड के लोग बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। रांची सहित अन्य शहरों में भी अगले साल से यह शुरू होनेवाला है। जानकारों का कहना है कि 5जी से कई चीजों में बदलाव आयेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि 5जी देश के हर सेक्टर को प्रभावित करेगा। साथ ही तकनीक एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में यह क्रांति का वाहक बनेगा।

## श्री कृष्ण प्रणामी का 61वां अन्नपूर्णा भंडारा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को श्री कृष्ण प्रणामी के 61वां अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसका संचालन अपने स्वर्गवासी पति श्याम सुंदर डोकानिया की स्मृति में संस्था की वरिष्ठ सदस्या रमा देवी डोकानिया और उनके परिवार के



सौजन्य से किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन प्रांगण में शुभम संदेश के संपादक सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक संजय सिह, पूर्वांचल सूर्य के वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, राष्ट्रीय नवीन मेल के वरिष्ठ पत्रकार रोशन कुमार, प्रभात खबर के राजकुमार कौशिक, संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, सज्जन पाड़िया, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, कमल खेतावत, मनीष सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, नवल टिबडेवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, सुरेश चौधरी, शंकरलाल मोदी, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, चंद्रदिप साहू, महिला समिति की रमा देवी डोकानिया, रेखा खेतावत, संतोष देवी अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल, मंगला मोदी, शारदा खंडेलवाल, अमिता जालान उपस्थित थीं। यह जनकारी उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चौधरी बगान में गीता जयंती समारोह का आयोजन

# गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का शास्त्र है : बसंत मित्तल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने कहा कि गीता शास्त्र वास्तव में चरित्र निर्माण का शास्त्र है। भगवान ने कहा चरित्र तो कमल पुष्प समान संसार में रहते हुए अनासक्त होकर किये गये श्रेष्ठ कर्मों से बनेगा न कि घर-बार छोड़ने, कर्म सन्यास क्रियायें करने से। कार्यक्रम में पंडित बालेश्वर नाथ पाठक ने कहा कि गीता में चरित्र निर्माण की शिक्षाओं का उल्लेख है। जैसे कि काम से ही क्रोध की उत्पति होती है, जिससे बुद्धि का नाश होता है।

कार्यक्रम में सुदर्शन पंडित ने कहा कि भगवतगीता पठन से शुद्ध संस्कार बनते हैं और कर्मों में कुशलता आती है।



पं. अशोक पांडेय ने कहा कि गीता का मूल संदेश यही है कि हम आत्मवादी बनें आत्मस्मृति में स्थित होकर परमात्मा के बनें। कार्यक्रम में आचार्य पुरुषोत्तम मिश्र ने कहा कि गीता के भगवान को जानना परमात्मा को जानना है।

पं. रामविलास वैद्य ने कहा गीता सब शास्त्रों की पिता है जो हमें जीवन जीने की राह बताता है। कार्यक्रम में आचार्य कृष्ण भागवत वक्ता ने कहा कि भगवतगीता द्वारा उद्घाटित सत्य ज्ञान व राजयोग से देव पदों तथा स्वर्ग के पदों को सभी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आत्म निश्चयी व्यक्ति को यह विश्वास करने में विलंब नहीं लगेगा कि भगवान पुनः हम मनुष्यों के मध्य उपस्थित होकर अपना वही गीता ज्ञान दे रहें हैं और पुनः पृथ्वी पर स्वर्ग के राज्य की स्थापना का पथ प्रशस्त कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मानव उत्थान सेवा संस्थान की साध्वी महात्मा अश्वनी ने कहा कि सर्वशास्त्रमई शिरोमणि गीता को ही विश्व का एक मात्र धर्मशास्त्र होना चाहिए।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा अब वही समय है, जब पुनः गीता के भगवान अवतरित होकर प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा राजयोग सिखला रहे हैं, जिससे नर से नारायण तथा मानवता संपूर्ण चरित्रवान बन जाती है।

कार्यक्रम के आरंभ में सभी का स्वागत आत्म स्मृति का तिलक लगाकर किया गया। बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। निराकार शिव आयें, गीता ज्ञान सुनाने गीत पर नृत्य हुआ। कार्यक्रम में अन्य लोगों में पं. नवीन कुमार पांडेय, पं. संजीव पाठक, पं. मिथिलेश कुमार मिश्र, पं. आशीष कुमार मिश्रा, पं. संतोष मिश्रा, डॉ निमय दास बनर्जी, पं. पवन कुमार मिश्रा, अरविंद प्रसाद, स्वेता कुमारी साध्वी, रंजना सिन्हा, सुनील सिन्हा, दीपक वर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, पं कमलकांत पांडेय, डॉ एके श्रीवास्तव, राजीव रंजन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## युवक को घर से बुला कर हत्या करने का आरोप

# तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत स्थित कोसमाही गांव निवासी चिरौंजी यादव के पुत्र अमरेश कुमार यादव 25 वर्ष की मौत उक्त गांव के तीन युवकों पर लगाया गया है। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि गांव के ही तीन युवकों ने दूरभाष से मेरा लड़का अमरेश को बुलाया था।जब हमलोग पूछे तो उसने बताया कि तुरंत आ रहें है। लेकिन जब आने में देर हुआ तो खोजने निकल गया। घर से थोड़े दूर पर ही गमछा से गला दबाकर मार डाला। उक्त घटना शनिवार की देर रात की बताई जा रही है।थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने इस घटना की पुष्टि की है। थानेदार चौधरी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने शव को घटनास्थल से उठाकर अपने घर पर लें आया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उक्त गांव के तीन युवकों ने फोन कर बुलाया था और हत्या कर दी है।



**मामले की जांच हो रही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का है इंतजार: थाना प्रभारी**

पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर सबसे पहले शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी चौधरी ने आगे बताया कि परिजनों के बताये अनुसार तीन युवकों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल मामला की जांच करने एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगा। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों की ओर से लिखित आवेदन नही दिया गया है।

# पाकिस्तान के बढ़ रहे ड्रोन हमले

पाकिस्तान सरकार, सेना तथा तस्कर भारत में रक्तपात, तोडफोड़ और तबाही मचाने के लिए हथियार तथा विस्फोटक, भारत की अर्थव्यवस्था बर्बाद करने के लिए नकली करंसी और इसकी जवानी को तबाह करने के लिए नशे भेजने के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तार-बाड़ लगाने तथा लोगों के सचेत होने से पाकिस्तान द्वारा भेजा जाने वाला तबाही का सामान पकड़ा जाने लगा तो पाकिस्तान अपनी अवैध गतिविधियों के लिए ड्रोनों का इस्तेमाल करने लगा, जिसमें लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2020 में बीएसएफ ने भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ड्रोनों की 79 उड़ानों का पता लगाया था, 2021 में इनकी संख्या 109 तथा इस वर्ष दोगुनी से भी बढ़ कर 266 तक पहुंच गयी है। 18 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू क्षेत्र में पाकिस्तानी ड्रोनों द्वारा फैंके हथियार एवं विस्फोटक इकट्ठा करने के आरोप में 7 लोगों को गिरफ्तार किया। 18 अगस्त को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन को हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किये गये एक ड्रोन से संबंधित केस की जांच के सिलसिले में विभिन्न जिलों में छापेमारी की। 15 नवंबर को जम्मू जिले के फ्लायन मंडाल के सीमांत क्षेत्र में एक पुलिस चौकी के निकट 2 ड्रोनों द्वारा फेंकी आइइडी जब्त की गयी। इससे पूर्व गत वर्ष जून में भारतीय वायु सेना के 2 अधिकारी जम्मू हवाई अड्डे पर ड्रोनों द्वारा किये गये हमले में घायल हो गये थे। और अब 24 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 6 किमी दूर सांबा जिले के बदाली गांव में स्वांखां मोड़ के निकट एक खेत से ड्रोन द्वारा फेंका गया स्टील के बेस वाला लकड़ी का एक पैकेट बरामद किया गया। इसमें लगभग 5 लाख रुपये के भारतीय नोट (500-500 रुपये के नोटों के 10 बंडल), कैमिकल से भरी एक बोतल, डेटोनेटरों सहित 2 आइइडी, 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन, 80 राऊंड बरामद किये गये। एक महीने में यह इस तरह का दूसरा मामला है। सांबा के एसएसपी अभिषेक महाजन के अनुसार पैकेट के निकट बरामद एक डोरी से यह तबाही का सामान ड्रोन द्वारा गिराये जाने का संकेत मिलता है। इससे स्पष्ट है कि राष्ट्र विरोधी ताकतें इस क्षेत्र की शांति भंग करने के प्रयासों में लगातार जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों के निवासी इन दिनों जागरूक हो गये हैं और वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दे रहे हैं। पुलिस टीम तथा इसकी सूचना देने वाले को पुरस्कृत भी किया जायेगा। साथ ही पाकिस्तान की ओर से ड्रोनों के जरिए भेजे जानेवालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की तुरंत आवश्यकता है।

**साम्बा के एसएसपी अभिषेक महाजन के अनुसार पैकेट के निकट बरामद एक डोरी से यह तबाही का सामान ड्रोन द्वारा गिराये जाने का संकेत मिलता है। इससे स्पष्ट है कि राष्ट्र विरोधी ताकतें इस क्षेत्र की शांति भंग करने के प्रयासों में लगातार जुटी हुई हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दरअसल पश्चिम बंगाल, बिहार और त्रिपुरा इन तीन राज्यों में लगभग 40 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह उनके 18 वर्ष की उम्र से पहले ही करा दिया जाता है। इसके अलावा आदिवासी बहुल राज्यों में भी बालविवाह की दर अधिक देखने को मिलती है। झारखंड की स्थिति इस मामले में बहुत गंभीर है, यहां 32.2 प्रतिशत की दर से बाल विवाह होते हैं और जिसके घातक परिणाम यहां लगभग 37.9 प्रतिशत की दर से होने वाली शिशु मृत्यु दर के रूप में दिखायी देते हैं।**

# बाल विवाह एक सामाजिक बुराई

रंजना मिश्रा



यूनिसेफ के आंकड़े बताते हैं कि हर साल दुनिया भर में 12 मिलियन लड़कियों का बाल विवाह करा दिया जाता है। यानी हर साल 12 मिलियन लड़कियों का विवाह 18 वर्ष से पूर्व ही हो जाता है। एसडीजी 5.3 के अंतर्गत, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के तमाम देशों में साल 2030 तक बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

यूनिसेफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत समेत दुनिया भर के देशों को बाल विवाह को समाप्त करने के प्रयास तेज करने होंगे, क्योंकि यदि ऐसा नहीं किया गया तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साल 2030 तक 150 मिलियन लड़कियों का बाल विवाह करा दिया जाएगा, जो अत्यंत चिंतादायक एवं खतरनाक स्थिति है।

वैसे कई रिपोर्ट्स में यह पता चला है कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र (भारत भी इस क्षेत्र में मौजूद है) में बाल विवाह के मामलों में कुछ सुधार तो हुआ है, यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बाल विवाह के मामलों में लगभग एक तिहाई की कमी आयी है।

पूर्व में इस क्षेत्र में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत थी, किंतु अब ये दर लगभग 30 प्रतिशत ही रह गयी है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार ये स्थितियां अधिक उत्साहवर्धक नहीं हैं, क्योंकि बाल विवाह को रोकने के मामलों में जिस स्तर से प्रगति होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई है। दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सरकारों को अब अपने प्रयास और अधिक तेज करने होंगे, तभी 2030 तक बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य पाया जा सकता है।

**झारखंड की स्थिति इस मामले में बहुत गंभीर है, यहां 32.2 प्रतिशत की दर से बाल विवाह होते हैं।**

यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि इस आधुनिक युग में जब पूरा विश्व वैज्ञानिक प्रगति कर रहा है। भारत सहित अन्य देशों में बाल विवाह की घटनाएं इतनी संख्या में घटित हो रही हैं। वास्तव में बाल विवाह की स्थितियां अत्यंत खतरनाक हैं। बाल विवाह बच्चों के मानवीय अधिकारों का हनन तो करता ही है। साथ ही बाल विवाह के कारण शिशुओं की मृत्यु दर और अपरिपक्व माताओं की मृत्यु दर में भी वृद्धि होती है, जो किसी भी देश के स्वास्थ्य सूचकांक को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में पिछले कुछ समय से समग्र तौर पर बाल विवाह में कमी देखी गयी है। यहां बाल विवाह की राष्ट्रीय औसत दर 23.3 प्रतिशत के करीब है।

अधिक चिंताजनक बात यह है कि कई रिपोर्टों से पता चला है कि भारत के 8 राज्यों में बाल विवाह की दर, राष्ट्रीय औसत दर से भी अधिक है, जिनमें से 3 राज्यों की स्थिति तो और भी भयावह है।

दरअसल पश्चिम बंगाल, बिहार और त्रिपुरा इन तीन राज्यों में लगभग 40 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह उनके 18 वर्ष की उम्र से पहले ही करा दिया जाता है। इसके अलावा आदिवासी बहुल राज्यों में भी बालविवाह की दर अधिक देखने को मिलती है। झारखंड की स्थिति इस मामले में बहुत गंभीर है, यहां 32.2 प्रतिशत की दर से बाल विवाह होते हैं और जिसके घातक परिणाम यहां लगभग 37.9 प्रतिशत की दर से होने वाली शिशु मृत्यु दर के रूप में दिखायी देते हैं। साथ ही यहां 15-19 वर्ष की आयु वर्ग की अधिकांश महिलाएं एनीमिया का शिकार हैं।

बाल विवाह एक वैश्विक मुद्दा है, जो लैंगिक असमानता, गरीबी, सामाजिक मानदंडों और असुरक्षा से प्रेरित है और दुनिया भर में इसके विनाशकारी परिणाम देखने को मिलते हैं। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध है। ऐसी घटनाएं समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति भेदभाव और अवसरों की कमी को दर्शाती हैं। कम उम्र में विवाह और फिर जल्दी गर्भधारण करने से मां और बच्चे दोनों के पोषण स्तर एवं उनके समग्र स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

महिलाओं का शिक्षित होना, उनका सही उम्र में विवाह तथा सही समय में गर्भधारण करना, उनके जीवन स्तर और निर्णय लेने की क्षमता को बहुत अधिक प्रभावित करता है। कम उम्र में विवाहित वर-वधू न तो सही ढंग से शिक्षित हो पाते हैं और न ही परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भली-भांति निभाने के लिए पूरी तरह योग्य बन पाते हैं। अपरिपक्व माता-पिता बनने पर वे अपने बच्चों के प्रति भी सही जिम्मेदारियां नहीं निभा पाते। इसलिए जरूरी है कि विवाह परिपक्व और कानूनी रूप से मान्य उम्र में ही किया जाए। इसके लिए सरकारों और समाज के जागरूक संगठनों को जागरूकता फैलाने के प्रयास और अधिक तेज करने होंगे। शिक्षा का अधिक से अधिक प्रसार करना होगा तथा बाल विवाह करने वाले अभिभावकों एवं इसमें शामिल व्यक्तियों के लिए और अधिक कड़ी सजा का प्रावधान करना होगा, तभी इस कुप्रथा पर रोक लगायी जा सकती है।

किसी भी देश की प्रगति व विकास, उस देश के स्वस्थ, शिक्षित और योग्य युवाओं पर निर्भर होता है। किंतु यदि उन युवाओं की नींव ही कमजोर होगी तो एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे संभव होगा? हमारे बच्चे हमारे देश का भावी भविष्य हैं। आगे चल कर वे देश के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार देना, अच्छी शिक्षा देना और उनके स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना बहुत जरूरी है। माता-पिता और शिक्षकों पर बच्चों के भविष्य और चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी होती है, जिसे उन्हें बाखूबी निभाना चाहिए।

बच्चों के बचपन और उनके अधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सब पर है और हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर उन्हें अमल में लाना चाहिए। इसीलिए शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह परिपक्व और काबिल हो जाने पर ही उन्हें विवाह जैसे जिम्मेदारी पूर्ण बंधन में बांधना चाहिए, तभी वे देश के शिक्षित, समझदार और योग्य नागरिक साबित हो सकेंगे।

**किसी भी देश की प्रगति व विकास, उस देश के स्वस्थ, शिक्षित और योग्य युवाओं पर निर्भर होता है। किंतु यदि उन युवाओं की नींव ही कमजोर होगी तो एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे संभव होगा? हमारे बच्चे हमारे देश का भावी भविष्य हैं। आगे चल कर वे देश के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा स्टील के कोक प्लांट में भारत की सबसे ऊंची 28 साल पुरानी चिमनी को किया गया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के लौहनगरी जमशेदपुर में रविवार को टाटा स्टील परिसर के कोक प्लान में बीते 28 साल पूर्व निर्माण किये गए भारत के सबसे ऊंची चिमनी (110 मीटर) को ध्वस्त किया गया। रविवार इसकी जानकारी टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने दी। उन्होंने बताया सुबह लगभग 11 बजे मात्र 11 सेकेंड में पूरे चिमनी को ध्वस्त कर दिया गया। जानकारी देते हुए टाटा स्टील के अधिकारियों अनिमेष गुप्ता ने बताया यह चिमनी पर्यावरण के लिए नियमों के अनुकूल नहीं थी। कंपनियों में चिमनी से निकलने वाले धुएं को फिल्टर कर पर्यावरण में छोड़ा जाता है। चिमनी से निकलने वाले धुंआ पर्यावरण के लिए हानिकारक होने की संभावना थी। रविवार को टाटा स्टील ने कोक प्लांट में बीते 28 साल से स्थापित भारत के सबसे ऊंची चिमनी नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए 11 मिनट में ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया सुबह 11 बजे एक अप्रचलित बैटरी 5 के 110 मीटर ऊंचाई वाली चिमनी के नियंत्रित इम्प्लोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इम्प्लोजन योजना के अनुसार निष्पादित किया गया था। यह कार्य कॉन्ट्रैक्ट पार्टनर, एडिफिस इंजीनियरिंग, इंडिया और जेट डिमोलिशन, साउथ अफ्रीका के सहयोग से 11 सेकंड में पूरा किया गया। इम्प्लोजन के बाद टाटा स्टील के साथ एडिफिस इंजीनियरिंग टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान आसपास के इलाकों का सर्वेक्षण करने के लिए ड्रोन तैनात किए गए थे। इस दौरान संपत्ति या लोगों की किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रभावी सुरक्षित व पर्यावरण स्नेही तरीके से इम्प्लोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किये गये थे। डॉक्टरों के साथ एंबुलेंस,फायर टेंडर और इमर्जेंसी रिस्पांस टीम जैसी आवश्यक आपातकालीन सेवाएं साइट पर तैनात रही। सुरक्षित और पर्यावरण स्नेही तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए टाटा स्टील की टीम लगातार धूल, शोर और कंपन के स्तर की निगरानी कर रही थी। नियंत्रित इम्प्लोजन से उत्पन्न शोर और कंपन को उन्नत तकनीकों का उपयोग करके कम किया गया। ताकि संयंत्र, उपकरण व कर्मियों को कोई नुकसान न हो सके। इस दौरान किसी भी घटना से निपटने के लिए आपातकालीन योजनाएं और निकासी प्रक्रियाओं की रुपरेखा तैयार की गई थीं। आने वाले महीनों में इस ही तरह कंपनी के कोक प्लांट में अप्रचलित कोल टावर और बैटरी 6 चिमनी के इम्प्लोजन को अंजाम देगी। टाटा स्टील एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में सुरक्षित संचालन व सभी हितधारकों की सुरक्षा व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया साउथ अफ्रीका की जेट डिमोलिशन कंपनी को लगाया गया था। कंपनी ने चिमनी का मुआयना किया और फिर विस्फोटक का इस्तेमाल कर वैज्ञानिक तरीके से चिमनी को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया अब उस जगह नई चिमनी का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। प्रेस वार्ता में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, अनिमेष गुप्ता, उत्तम मेहता, कुलदीप कुमार अरोड़ा, आशुतोष कुमार सिंह, जोई ब्रिंकमन, मोहन रामनारायण उपथित रहे।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत धानचटानी में फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। रविवार को केडी क्लब के द्वारा आयोजित कृष्णा ट्रॉफी के टूनामेंट में मुख्य अतिथि सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा खेल को खेल के भावना से खेलें। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता से युवकों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। मौके पर कृष्णा महतो,बोका हो, रजत प्रसाद व केडी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# झामुमो नगर अध्यक्ष ने शहीद मास्टर सोबरन मांझी के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मानगो नगर अध्यक्ष फतेह चन्द्र टुडू के नेतृत्व में कुप्रथा, शोषण,दमन के विरुद्ध संघर्ष करने वाले महान योद्धा अमर शहीद मास्टर सोबरन मांझी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीद मास्टर सोबरन मांझी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

मौके पर नगर अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू ने कहा उन्होंने शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद कर जनता को जागरूक किया था। शहीद मास्टर सोबरन मांझी ने झारखंड के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे महापुरुष की संघर्ष को नमन करते है। शहादत दिवस पर उन्होंने उनसे प्रेरणा लेकर अत्याचार और शोषण के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करते रकरने का संकल्प लिया। इस अवसर पर झामुमो जिला सदस्य सनातन टुडू, महिला नेत्री रानी सिंह,रासबिहारी हंस पप्पू सोरेन, विकास गोप, कन्हैया रजक, एनके सिंह, हैप्पी तंतुबाय नेहा सिंह उपस्थित रहे।

# आदित्यपुर में मेगा स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर सुमन टावर स्थित आसमा अकादमी में सामाजिक संस्था अस्तित्व और आसमा अकैडमी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत मोतियाबिंद के 10 मरीजों को चयनित किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में रेनू शर्मा और अपोलो डायग्नोस्टिक के सहयोग से स्वास्थ्य जांच और रक्त जांच किया गया। सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य का जांच करवाया। इस दौरान शुगर,कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिंग और ब्लड प्रेशर के साथ अकादमी के सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया। संस्था के सचिव श्रीमती मीरा तिवारी ने कहा संस्था के सहयोग से आदित्यपुर,गमहरिया और जमशेदपुर के सभी ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में सुविधा अनुसार नेत्र और स्वास्थ्य जांच का शिविर का आयोजन किया जाता है। इ, मौके पर रवि सतपथी, सुनीता मिश्रा, मुन्ना दुबे, जगदीश नारायण चौबे, अरुण आचार्य, दिवाकर झा, पिंटू दास, संजय सतपथि के अलावा अन्य शामिल रहें।

# झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव बने जमशेदपुर के प्रभात कुमार सिंह




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर एडीएल स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार सिंह झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य समिति में सर्वसम्मति से संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। इसके साथ ही संत जॉन्स उच्च विद्यालय रांची के प्रधानाध्यापक फादर फ्लोरेंस कुजूर अध्यक्ष, शमीउल्लाह खान और फादर विनोद टोप्पो उपाध्यक्ष, एंथोनी तिग्गा महासचिव, प्रभात कुमार सिंह, शशि भूषण महतो, मिथिलेश लाल कर्ण एवम अनीषा मुर्मू सचिव, रमेश कुमार सिंह कार्यालय सचिव, सिस्टर पुष्पा अरगट कोषाध्यक्ष चुनी गयीं। प्रभात कुमार सिंह को चुने जाने पर कबेरिया उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो रिजवान अहमद, साकची हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार घोष, गुरु नानक उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलविंदर सिंह, पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि शिक्षक की समस्याओं के निराकरण में उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को दिशा देंगे। प्रभात कुमार सिंह जिला में लगातार तीन बार महासचिव रह चुके हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुख्यमंत्री फसल राहत योजना और केवाईसी शत प्रतिशत 30 नवंबर 2022 तक करने को लेकर सीओ ने की बैठक



**रंका (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री फसल राहत योजना और केवाईसी शत प्रतिशत 30 नवंबर 2022 तक करने को लेकर अंचल पदाधिकारी शंभू राम ने प्रखंड परिसर के प्रशिक्षण भवन में प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अंचलाधिकारी शंभू राम ने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों एवं सभी कृषक मित्रों को आदेश देते हुए कहा कि झारखंड सरकार की योजना मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के केवाईसी शत प्रतिशत 30 नवंबर 2022 तक करना अति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गढ़वा उपायुक्त के निर्देशानुसार शत प्रतिशत किसानों का पंजीकरण भी करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जो भी प्रज्ञा केंद्र संचालक, कृषक मित्र लापरवाही बरतेंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को भी सहयोग करने की अपील की है। मौके पर उपस्थित प्रभारी कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रजापति, कर्मचारी अनिल कुमार, परमानंद कुमार, विकास कपड़दार, बीटीएम धनंजय सिंह, प्रज्ञा केंद्र संचालक सतीश कुमार दुबे, सियाराम ओझा, विकी कुमार एवं समस्त कृषक मित्र उपस्थित थे।

### सगमा में सात दिवसीय पांच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित भैया रुद्र प्रताप देव हाई स्कूल के मैदान में आयोजित सात दिवसीय पांच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ ही महायज्ञ की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। 28 नवंबर से प्रारंभ हो रहे यज्ञ का 4 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ ही समापन किया जाएगा। यज्ञ के हवन को लेकर हाई स्कूल के मैदान में प्रांगण में यज्ञ मंडप का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यज्ञ काशी जूना अखाड़ा से आये श्री सागरपुरी नागा बाबा व जलगांव आश्रम जबलपुर से श्री छोटेपुरी नागा बाबा के सान्निध्य में यज्ञाचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री के द्वारा संपन्न कराये जाएंगे। वहीं रामलीला व महात्माओं के प्रवचन के लिये मंच व पंडाल के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। यज्ञ के लिये देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को भी कारीगरों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए छोटेपुरी नागा बाबा एवं यज्ञ समिति के सदस्य हरिदास यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि पांच कुंडीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सोमवार को सुबह 9 बजे यज्ञ मंडप हाई स्कूल के मैदान से पूरे गांव का भ्रमण करते हुए शारदा गांव में स्थित तुरा नदी तक भव्य कलश के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवित्र जल उठाकर यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी, जिसमें 500 से अधिक सुहागवती महिलाएं व कुमारी कन्या सिर पर कलश लेकर पवित्र जल लेकर यज्ञ स्थल पहुंचेंगी। यज्ञ के दौरान सात दिनों तक उत्तर प्रदेश से आये कलाकारों के द्वारा शाम 8 से 1 बजे रात्रि तक रामलीला प्रस्तुत किया जाएगा। जबकि महायज्ञ में मानस माधुरी नैनी प्रयागराज से आयी कथा वाचिका समीक्षा पांडेय सहित अन्य महात्माओं के द्वारा दोपहर 2 से 5 बजे तक प्रवचन किया जाएगा।

### मेराल प्रखंड में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत पूर्वी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए पंचायत सचिव परमानंद पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ पंचायत के अधिक से अधिक किसानों को देने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी के निदेर्शानुसार रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को बताया गया कि मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना का लाभ लेने के लिए जो किसान आवेदन किए है वे फिर से ई केवाईसी करा लें। तथा जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं वे प्रज्ञा केंद्र में आवेदन कर सकते हैं।

**प्रदर्शन :** गौकशी की घटना से नाराज हिंदू समाज के लोगों ने जताया आक्रोश

# खरौंधी बाजार को बंद कराकर सैकड़ों लोगों ने किया थाना का घेराव

**थाना घेराव कर रहे लोगों को डीएसपी ने समझाते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खरौंधी।** शनिवार की रात्रि में चंदनी पंचायत के डेरवा टोला में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा गौकशी की घटना से नाराज हिंदू समाज के लोगों ने रविवार की सुबह खरौंधी बाजार को बंद कराते हुए थाना का घेराव किया। हिंदू समाज के लोगों ने गौकशी में शामिल आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। हिंदू समाज के लोगों ने लगभग तीन घंटे थाना का घेराव किया। जानकारी के अनुसार खरौंधी थाना प्रभारी ने रात्रि में ही गौकशी में शामिल वार्ड सदस्य मनौवर अंसारी, अजमेर अंसारी, सजमेर अंसारी, मनौवर अंसारी के दामाद बिसुनपुरा थाना क्षेत्र के पटिहारी निवासी मुख्तार अंसारी तथा नसरुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं रविवार की सुबह बजरंग दल, आरएसएस, शिवसेना, भाजपा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अन्य राजनीतिक पार्टियों के अलावे सैकड़ों ग्रामीण खरौंधी बाजार में इकट्ठा हुए। अक्रोशित लोगों ने इस घटना के विरोध में खरौंधी बाजार के सभी दुकानों को बंद कराया। खरौंधी बाजार से ही सैकड़ों की संख्या में जय श्री राम, हर हर महादेव, गौ हत्या बंद करो आदि नारे लगाते हुए थाना पहुंचे। जहां अक्रोशित लोगों ने थाना का घेराव किया। आक्रोशित लोग थाना के सामने केतार खरौंधी मुख्य पथ पर ही बैठ गये। घेराव कर रहे लोग अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। सूचना पर श्रीबंशीधर नगर के डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार, भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह खरौंधी थाना पहुंचे थे। थाना घेराव कर रहे ग्रामीणों को डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी ने समझाते हुए जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। डीएसपी के निर्देश पर खरौंधी पुलिस ने गौकशी में शामिल मनौवर अंसारी के घर से दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। खरौंधी थाना के सामने भीड़ को देखते हुए प्रशासन दोनों महिलाओं को केतार थाना ले गया।

थाना घेराव में विहिप अध्यक्ष रामानंद मेहता, प्रमुख आभा रानी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, पूर्व अरंगी मुखिया शिव कुमार यादव, भाजपा नेता बसंत यादव, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, बृंद कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

#### क्या कहते हैं डीएसपी

श्री बंशीधर डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि थाना में इस घटना में शामिल 15 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने रात्रि में ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सुबह में दो महिलाओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है, जल्द ही उन्हें भी पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

#### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

विहिप अध्यक्ष रामानंद मेहता, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, संध्याकार विश्वकर्मा आदि ने बताया कि ये सभी आरोपी पूर्व में भी इस तरह की घटना को कई बार अंजाम दे चुके हैं। ये सभी गाय के प्रतिबंधित मांस को बाहर लेकर सप्लाई करते थे। जिसकी भनक हमलोगों को थी। हमलोग इनलोगों को पकड़ने के लिए उसी समय से लगे हुए थे। लेकिन गौकसी करते पकड़ नहीं पा रहे थे। जब शनिवार की देर शाम इनलोगों को गाय के बछड़े के साथ देखा था। हमलोगों को शंका हुई जब तक उनको पकड़ने के लिए हम गोलबंद हुए, उनलोगों ने गाय के बछड़े को काट दिया। अगर प्रशासन इस मामले की गंभीरता से जांच करे तो इन लोगों के अलावे कई नाम और सामने आ सकते हैं।

## राजद जिला कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न एजेंडा पारित



**डॉक्टर मकबूल आलम ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल में पुनः की घर वापसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल के कार्य से प्रभावित होकर एवं लालू जी की विचारधारा, नीति सिद्धांत तेजस्वी यादव के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर डॉक्टर मकबूल आलम ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल में पुनः घर वापसी की। साथ ही साथ कार्यक्रम में सर्वसम्मति से विभिन्न एजेंडा पारित हुए जिसमें प्रत्येक माह में जिले के किसी प्रखंड में कार्यक्रम संपन्न कराना, नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनाव में पार्टी की क्या भागीदारी होगी इस पर चर्चा, पार्टी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी दे, प्रखंड कमेटी का विस्तार पंचायत कमेटी का विस्तार, बूथ कमेटी का विस्तार एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस कार्यक्रम में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी नरेश सिंह, जमरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद फरीद रामनाथ श्रमिक, नंद गोपाल यादव, डॉक्टर मुरली गुप्ता, रामबदन बैठा, सुरेश विश्वकर्मा, धर्मराज राम, कामाख्या सिंह, नौशाद अली, अभय पांडे, महेंद्र पाल, मुनेश्वर सिंह, सुमित पाल, पप्पू ठाकुर, अशोक यादव, कमलेश प्रसाद, प्रदीप ठाकुर, चंद्रिका यादव, शिवनारायण चौधरी, नरेश राम, हरीनाथ चंद्रवंशी, वीरेंद्र सोनी, नवल किशोर यादव, अशोक सिंह, शेख शकील, गोपाल मिश्रा, रामेश्वर यादव सहित सैकड़ों राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंझिआंव सीएसपी संचालक की लीवर कैंसर से हुई मौत, क्षेत्र में मातम का माहौल



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मंझिआंव खुर्द निवासी बीरेंद्र कुमार सिंह के 38 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार सिंह की लीवर कैंसर की वजह से मृत्यु हो गई जो मंझिआंव सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चंद्री ब्रांच के सीएसपी संचालक थे। परिजनों से पता चला कि उनका इलाज लगभग डेढ़ वर्षों से देश के अलग अलग अस्पतालों से चल रहा था जिसमें टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल बनारस, सीएमसी हॉस्पिटल वेलौर चेन्नई सहित अन्य अस्पतालों के नाम शामिल हैं। उनकी स्थिति नाजुक होने के बाद जीवन के अंतिम समय में सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर ने पेशेंट को घर ले जाने के लिए सौंप दिया। परिजनों के द्वारा मुकेश कुमार सिंह को घर लाने के क्रम में स्थिति और ज्यादा खराब होने के बाद गढ़वा स्थित परमेश्वरी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपस्थित डॉक्टरों के द्वारा मुकेश कुमार सिंह को शनिवार की शाम लगभग 5 बजे मृत घोषित कर दिया गया। मुकेश कुमार सिंह अपने पीछे 6 वर्षीय बेटी श्रेया सिंह और लगभग डेढ़ वर्षीय एक पुत्र को छोड़ गए हैं। मुकेश कुमार सिंह का शव घर पहुंचते ही परिजनों सहित पूरे मंझिआंव क्षेत्र में मातम का माहौल छा गया। वहीं शव के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों का ताता लगा रहा।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन व संगठन विस्तार पर की गयी चर्चा

**खोनहरनाथ मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में लिये गये कई निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबा खोनहरनाथ मंदिर के प्रांगण में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गढ़वा जिले में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन व संगठन के विस्तार पर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी के द्वारा की गयी तथा बैठक का संचालन गढ़वा जिले के प्रभारी ब्रजेंद्र पाठक ने किया। बैठक में प्रदेश महिला मोर्चा की संगठन प्रभारी सुशीला मिश्रा ने विशेष अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक तथा ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश प्रभारी अरूण शुक्ला की मुख्य रूप से उपस्थिति रही।

मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुशीला मिश्रा ने कहा कि मौजूदा समय में ब्राह्मण एकता ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही यह संगठन जिले के सभी प्रखंडों में पहुंच कर एकता एवं समाज कल्याण हेतु तमाम ब्राह्मण समाज को एकत्रित करेगा।

वहीं अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने कहा कि संगठन बेहद दृढ़ रूप से इस प्रयास में लगा है कि समाज के लगभग हर आदमी को इस संगठन से जोड़ कर ब्राह्मण समाज के स्तंभ को मजबूती दी जाए। साथ ही संगठन के जरिये जन कल्याण को बढ़ावा देने हेतु भी अहम कदम उठाये जायें।

वहीं मौके पर उपस्थित प्रदेश प्रभारी अरूण शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में लगभग सभी पार्टियों एवं संगठनों द्वारा ब्राह्मण समाज को नजरंदाज एवं दरकिनार किया जा रहा है जिसको देखते हुए ही संगठन को विस्तृत कर के समाज के आखिरी जन तक पहुंचने का निर्णय लिया गया है।

बैठक का संचालन कर रहे जिला प्रभारी ब्रजेंद्र पाठक ने अपने भाषण में यह कहा कि आजादी से लेकर वर्तमान समय तक ब्राह्मण समाज के लोगों ने देशहित में अनेकों महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं उसके बावजूद भी हमारे समाज को निरंतर दरकिनार किया गया। अब संगठन विस्तार के साथ जल्द ही एक बार फिर से ब्राह्मण समाज एकजुट होकर पुनः एक बार जनहित में अहम योगदान देगा।

### एकता अनुशासन व सद्भाव का संदेश देता है भारतीय संविधान : मंगल

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** नेहरु युवा केन्द्र संगठन गुमला द्वारा शनिवार को पालकोट प्रखंड के उमड़ा पंचायत सचिवालय में भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल किसान मोर्चा के सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्पार्चन करने के बाद युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमें एकता, अनुशासन और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने और राष्ट्रे प्रेम का प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उमड़ा पंचायत के मुखिया नरेश पहान, निर्मल कुमार, सुधाकर कुमार, नेहरु युवा केन्द्र के युवा अधिकारी प्रवीण तिर्की आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान निमार्ता बाबा साहब पर पुष्पार्चन अर्पित किया। उन्हें श्रृद्धांजलि दी। मंगल सिंह भोगता के नेतृत्व में प्रस्तावना पढ़ा गया। कार्यक्रम का संचालन विकास और अमन कुमार ने किया।

### दो दिवसीय आयुष मेला का समापन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में लगे दो दिवसीय आयुष मेला का समापन रविवार की शाम हुआ। समापन कार्यक्रम में आयुष के रांची नोडल पदाधिकारी डॉ. मुकुल दीक्षित और जिला आयुष पदाधिकारी डॉ. परमहंस प्रसाद शामिल हुए। मौके पर 600 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करा कर निशुल्क दवा ली। इस मौके पर आयुष होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, यूनानी, कासा संस्थान, प्रदान, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग महिला विकास मंडल के स्टॉल लगाये गये थे। जहां सभी स्टालों का निरीक्षण पदाधिकारी द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित आयुष चिकित्सकों में डॉ. अनिल, डॉ मंजरी, डॉ रेनू तिर्की, डॉक्टर विनय कुमार, डॉ अनुराधा, यूनानी डॉक्टर फरजाना इमाम, डॉक्टर राजेश, गजराज, जितेंद्र कुमार, अभिनंदन, प्रणव, सहित कासा प्रदान महिला विकास मंडल के कई सदस्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** सिमडेगा जिले के कुरडेग प्रखंड में कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली

# पदयात्रा से देश में आपसी एकता का माहौल बना रही है कांग्रेस : भूषण बाड़ा

**राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में 2024 में बदलाव सुनिश्चित है**




आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** कुरडेग प्रखंड में रविवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़े पदयात्रा निकाली गई। प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में युवा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक के ससुराल प्रखंड में निकलने पदयात्रा में विधायक के अलावे पार्टी जिलाध्यक्ष अनुप केसरी, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल सहित लाखों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम लोग शामिल थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने देश को एकजुट करने एवं लोगों को एक साथ लाने के लिए पदयात्रा कार्यक्रम शुरू की है। इसके तहत पूरे देश में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता सहित आम जन पदयात्रा कर रहे हैं। पदयात्रा से देश भी मजबूत हो रहा है। कहा कि वर्ष 2014 से अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए कुछ राजनीतिक शक्तियों ने देशवासियों के बीच में नफरत की दीवार सी खड़ी कर दी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उस नफरत की दीवार को धराशायी कर देश में आपसी एकता और भाईचारा का माहौल बनाएगी। कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आम आदमी बुरी तरह से परेशान है। हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। उनकी यात्रा महंगाई, बेरोजगारी, नफरत, अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। आज पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। आम लोगों के भविष्य का सपना टूट रहा है। बीते 8 वर्षों में संविधान और लोकतंत्र को भाजपा ने तोड़ दिया। महंगाई ने गरीबों के रोटी की उम्मीद तोड़ दी है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश मे 2024 में बदलाव सुनिश्चित है।

पदयात्रा को 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह, प्रवक्ता रणधीर रंजन आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डेविड तिर्की, पूर्व मुखिया शिशिर मिंज, केके रोहिला, सिलबेस्टर बाघवार, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस, प्रदीप केशरी, अरुण जयसवाल, प्रवीण खेस, संदीप नायक, गुलशन एक्का, शमीम अंसारी, जिप सदस्य शांति बाला, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

#### कांग्रेस की पदयात्रा से मजबूत हो रहा है देश : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कांग्रेस की यह यात्रा सियासी लाभ लेना नहीं है, बल्कि देश को जोड़ना है। पदयात्रा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना है। कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महंगाई पर रोक लगाने के लिए बड़े-बड़े वादे किए और आज मुकर गए हैं। देश में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। इसलिए सभी एकजुट हों और कांग्रेस की इस पदयात्रा में शामिल होकर कांग्रेस का साथ दें।

## मंत्री के प्रयास से गढ़वा जिले के सभी 20 प्रखंडों को किया गया है सूखाग्रस्त घोषित : मनोज ठाकुर

**सूखाड़ से प्रभावित लोगों को राहत दिलाने के लिए 3500 रुपये की राशि दी जाएगी : मनोज ठाकुर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कहा है कि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से जिला के सभी 20 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। सूखाड़ से प्रभावित समान्य किसान, लघु किसान, बटाईदार किसान अथवा भूमिहीन किसान सभी निम्न परिवारों को राहत दिलाने हेतू 3500 रुपये की राशि दी जाएगी, सूखाड़ से प्रभावित वैसे कृषक जो जीविकोपार्जन हेतू मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर हैं तथा इनके द्वारा वर्ष 2022 की खरीफ फसल की बुआई का कार्य करते हैं। सूखाड़ से प्रभावित किसान जो जीविकोपर्जन हेतू पूरी तरह से कृषि पर निर्भर रहते हैं तथा इनकी फसल की 35 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है और भूमिहीन किसान, मजदूर जिनकी कृषि आधारित आजीविका का साधन सूखाड़ से प्रभावित हुआ है सरकार के प्रसांगिक पत्र के द्वारा नामित किए गए हैं।

राज्य सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायत सीएससी स्तर पर का कैंप का आयोजन करते हुए दिनांक 30.11.2022 तक ऑनलाइन आवेदन करें। पार्टी के सभी स्तर के कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि जिला के किसान को ऑनलाइन कराने में सहायता की जाये। इस कार्य में जिले के सभी जिला कृषि विभाग, जिला सहकारिता विभाग, अंचल एवं प्रखंड पदाधिकारी सहित सभी कर्मी उपस्थित रहेंगे। जिले में भी किसानों के बीच राज्य सरकार के द्वारा उपलब्ध कराये गये सरसों, चना, गेहूं इत्यादि बीज एवं खाद्य का वितरण कराया जा रहा है एवं सभी प्रखंड पंचायत स्तर पर वितरण हो रहा है। खाद्य एवं बीज जरूरतमंद किसानों को दिलायी जाये, यह सूखा राहत पूरी तरह से राज्य सरकार के द्वारा ही दी जा रही है, जबकि केन्द्र सरकार के द्वारा झारखण्ड राज्य के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। राज्य में सूखा पड़ने के बाद भी किसी तरह का राज्य को सहयोग नहीं करना और ना ही राज्य का आकलन करना केवल बयानबाजी कर और झूठ का ढिंढौरा पिटने से ही अपने कार्य क्षमता समझते है तथा झूठ-फरेब का राजनीति करते हैं, जबकि राज्य सरकार के द्वारा राज्य में न्यूनतम वषार्पात एवं अन्य फसल अच्छादन के फलस्वरूप राज्य में 22 जिलों के 226 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।

## सोनाहातू में जंगली हाथियों का उत्पात, कई किसानों के खेत रौंदे और चट कर गये फसल

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत उलीडीह गांव में शनिवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। सामू कोइरी, इंद्रजीत कोइरी, चामू कोइरी, हाराधन कोइरी और धनेशवर कोइरी समेत दर्जनों किसानों के खेतों में सब्जी के फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया। इससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी डरे-सहमे हुए हैं। इधर सोनाहातू पूर्वी क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आना-जाना लगा हुआ है। जंगली हाथियों के आने से लोगों को खेतों में काम करने में भी परेशानी हो रही है। इधर सूचना पाकर बारेंदा मुखिया सुभद्रा देवी रविवार की सुबह प्रभावित किसानों के खेतों में जाकर फसल क्षति का जायजा लेते हुए वन विभाग से मुआवजे दिलाने को आश्वस्त किया।

## जलमीनार खराब होने से एदलहातू गांव में दो साल से पेयजलापूर्ति को तरस रहे लोग



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के एदलहातू गांव में पिछले दो वर्षों से पेयजलापूर्ति ठप है। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के मुताबिक गांव के जल मीनार की मशीन खराब है जिसकी मरम्मति के लिए ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों को अवगत कराए है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने यथाशीघ्र बिगड़े मशीन व पाइप की मरम्मति कर पेयजल आपूर्ति करने की मांग की है।

## व्यवसायी व समाजसेवी काली प्रसाद का निधन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लाह व्यवसायी एवं समाजसेवी काली प्रसाद गुप्ता का रविवार की सुबह निधन हो गया। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। काली प्रसाद गुप्ता बुंडू प्रखंड में समाज सेवा के लिए जाने जाते थे। इनका अंतिम संस्कार कांची नदी के किनारे रविवार की शाम को कर दिया गया।

## तमाड़ के कुरचूडीह में आज शिविर लगा कर सुनी जायेंगी प्रखंड व अंचल में व्याप्त समस्याएं

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुरचुडीह गांव में रविवार को प्रखंड की ओर से कैंप लगाया जायेगा। पिछले दिनों **आजाद सिपाही** अखबार ने इस गांव के बारे में प्रमुखता से खबर छापा था। इसी के आलोक मे उक्त गांव मे कैंप लगाया जा रहा है, जहां प्रखंड व अंचल से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। तमाड़ के बीडीओ गिरजा शंकर महतो ने बताया कि सभी गांव की समस्या के निराकरण के लिये प्रखंड सह अंचल के कर्मी कैंप करेंगें व समस्या का समाधान किया जाएगा।

## खूंटी में प्रभातफेरी निकाल कर दी गयी संविधान की जानकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झालसा के निर्देश पर संविधान सप्ताह के दूसरे दिन रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डालसा अध्यक्ष सत्यप्रकाश के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय खूंटी के प्रांगण में प्रभातफेरी निकाली गई।

नालसा एवं झालसा के निर्देश पर 26 नवंबर से दो दिसंबर तक संविधान सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रभातफेरी में जिला जज प्रथम संजय कुमार जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनंद सहित खूंटी न्यायालय के अन्य न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, पीएलवी सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रधानमंत्री की फोटो नहीं होने पर सांसद प्रतिनिधि ने जतायी नाराजगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार और रविवार को केंद्र सरकार के निर्देश पर आयोजित आयुष मेला का जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने मेला परिसर में मुख्यमंत्री और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की फोटो देखकर कहा कि कार्यक्रम केंद्र सरकार का है। जबकि प्रधानमंत्री की ही फोटो गायब है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री अपनी फोटो दिखाकर वाहवाही लुटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के हिसाब से प्रधानमंत्री की फोटो भी मेला परिसर में लगे पोस्टर बैनर पर होनी चाहिए। मौके पर भाजपा नेता विष्णु प्रसाद सोनी, बसंत सिंह मुंडा आदि थे।

**बैठक :** कोल फील्ड मजदूर यूनियन रजहरा एरिया कमेटी का गठन

# भोला सिंह अध्यक्ष व शैलेश बने सचिव

कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक में सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी ने की घोषणा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक बालूमाथ स्थित एक रेस्तरां में हुई। जिसमें मुख्य रूप सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सीसीएल उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह एवं संगठन सचिव ध्वजा राम धोबी, सीसीएल कार्यकारी सदस्य रामा उरांव, रमेश सिंह, इस्लाम अंसारी, प्रधान मुंडा बिरमल कुमार, राजेन्द्र चौहान, जय मंगल सिंह, उदय नाथ सिंह, जस्मुदीन अंसारी जिनकी निगरानी में रजहरा एरिया की नयी कमेटी का गठन हुआ। जिसकी घोषणा सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी ने विधिवत की।

कमेटी में एरिया अध्यक्ष भोला सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष शिवनारायण उरांव, फुलेश्वर महतो, एरिया सचिव शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव धनेशर दास, सह सचिव रामप्रवेश सिंह, संगठन सचिव जगदीश गंझू, राजू उरांव, रंजन कुमार, कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, कार्यकारी सदस्य मंगरु गंझू, राजेश लोहार, वसीम अकरम, गोविंद यादव, विकास कुमार, शिवशंकर कुमार, रोहित कुमार, आशीष कुमार, प्रदीप कुमार यादव, शिवम कुमार लोकनाथ यादव, राजू गंझू आदि थे।

## अचानक तबियत बिगड़ने से सीसीएल कर्मचारी की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो चिरैयाटांड़ निवासी सीसीएल कर्मचारी 37 वर्षीय खेमलाल महतो की मौत तबीयत खराब होने से हो गई। जानकारी के अनुसार चिरैयाटांड़ स्थित घर पर उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसके बाद परिजनों की मदद से उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक खेमलाल महतो सीसीएल एनके एरिया के रीजनल स्टोर में कार्यरत था। उनके परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनका तबीयत खराब था और रांची में उनका इलाज चल रहा था। बीच में तबीयत में सुधार आने के बाद उसे घर लाया गया था, लेकिन अचानक शनिवार की शाम उसे उल्टी होने पर परिजनों द्वारा बचरा अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सीसीएल कर्मी खेमलाल महतो की तीन पुत्री है। खेमलाल की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उनके निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने दुख प्रकट किया है।

# बलियापुर पहुंचे नामजद आरोपी टाइगर जयराम महतो, ढूंढती रही सिंदरी अनुमंडल की पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/बलियापुर।** टाइगर के नाम से मशहूर खतियानी आंदोलनकारी जयराम महतो रविवार को बाइक से बलियापुर हवाई पट्टी पहुंचे। वहां सरकार के खिलाफ जमकर शब्दवाण चलाए और चले गए। जयराम महतो ने अपने संबोधन में स्थानीय को उनके हक और अधिकार के लड़ाई के लिए प्रेरित किया। हर्ल सिंदरी में 75 फीसदी स्थानीय को नियोजन देने पर बल दिया। पूंजी उनकी जमीन हमारी बराबर होगी हिस्सेदारी जैसी बातें कही। सभा में सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष समर्थक पहुंचे थे। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित समर्थकों ने जयराम के साथ सेल्फी ली। वहीं उन्हें गिरफ्तार करने की पुलिस की योजना धरी की धरी रह गई। हवाई पट्टी के एक छोर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे और दूसरे छोर पर आयोजित सभा में जयराम महतो नाटकीय ढंग से पहुंचे। कुछ क्षणों के बाद पुलिस वहां से हटकर बलियापुर, झरिया सड़क पर जगह-जगह टुकड़ियों में तैनात हो गए, लेकिन कुछ भी हासिल नहीं हुआ और जयराम महतो सभा को संबोधित करने के उपरांत बाइक पर सवार होकर दूसरे रास्ते से निकल गए।

### नामजद आरोपियों में शामिल है जयराम

इससे पूर्व सुबह 11 बजे जयराम महतो के आने की सूचना पर सिंदरी अनुमंडलीय क्षेत्र के सभी थाना व ओपी के पुलिस समेत जिला बल हवाई पट्टी पहुंचे थे। ज्ञात हो कि विगत 25 अगस्त को सिंदरी में हुए प्रदर्शन के दौरान उपद्रवी घटना और पुलिस पर हमला करने आदि के मामले में सिंदरी और बलियापुर थाना में दर्ज प्राथमिकी के नामजद आरोपियों में जयराम महतो का नाम शामिल है।

## इस्कॉन केंद्र में भगवत सत्संग का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना मृत संघ इस्कॉन के तत्वावधान में रविवार को भगवत सत्संग इस्कॉन केंद्र खूंटी में किया गया। कृष्ण भक्तों को संबोधित करते हुए केंद्र संचालक शुकामृत दास ने कहा कि जो संसार में भी रहकर भगवत का साक्षात्कार करेगा, वह भगवान के पास भगवत धाम में रहेगा। जो भगवान श्री कृष्ण की शरण ग्रहण करता है, वह तुरंत ही भौतिक ओर प्राकृतिक मोह से मुक्त हो जाता हैं। भगवान के पास पहुंचने का यही एकमात्र पात्रता है। एक जीव को भौतिक प्रवृत्ति मे रह कर भी आध्यात्मिक प्रकृति के निर्देशन में चलना चाहिए। कार्यक्रम में सभी भक्त जनों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## बुंडू में 100 फीसदी अनुदान पर चना बीज वितरित

**बुडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुंजू पंचायत के करम्बू गांव में ब्लॉकचेन के माध्यम से 100 फीसदी अनुदान पर चना बीज का वितरण किया गया। साथ ही झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, फसल रहते योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सूखा राहत योजना विस्तृत जानकारी किसानों को दिया गया। इस कार्यक्रम में बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, प्रमुख राजकुमार बिंझिया, पंचायत समिति सदस्य सिंगराय दास, मुखिया लालमोहन महान, उप मुखिया हरिहर महतो, वार्ड सदस्य संकेश्वर मुंडा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शिवनारायण गोप, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रमेश चंद्र महतो, जनसेवक जगन्नाथ उरांव उपस्थित रहे।

## बुढ़मू के हेसलपीड़ी गांव में ट्रांसफर्मर का उद्घाटन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपीड़ी गांव में रविवार को 100 केवीए के नये ट्रांसफर्मर का उदघाटन किया गया। उदघाटन आजसू की वरीय नेत्री सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी व मुखिया कुशेन्द्र पाहन ने किया। मौके पर पार्वती देवी ने कहा कि ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। विदित हो कि एक सप्ताह से पूरा गांव अंधेरे में था। मौके पर ललित महतो, रामकुमार महतो, महेंद्र कुमार दीपक, आंनद महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## धुमकुड़िया भवन में आदिवासी समुदाय की बैठक

**मनिका/लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड के औराटांड़ गांव में धूमकुड़ीया भवन में अध्यक्ष रामसहाय उरांव के अध्यक्षता में आदिवासी समाज की बैठक हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना था। कोषाध्यक्ष रमेश उरांव ने कहा कि आज हमारे समाज को अपने धर्म के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है।

## सीआइएसएफ ने जब्त किया अवैध कोयला लदी तीन बाइक के साथ चार टन कोयला



तस्करों के हाथों से जब्त अवैध कोयला।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीआइएसएफ कमाडेंट मांगा के नेतृत्व में रविवार को केडीएच रेलवे साइडिंग, डकरा ओबी डंप, राय रेलवे साइडिंग के आसपास कोयला चोरी रोकने को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान केडीएच कोयला खदान के किनारे झाड़ियों और बोरा में छिपाकर रखे गए करीब चार टन कोयला को जब्त किया गया। जिसे सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया । वहीं राय रेलवे साइडिंग के आस पास बाइक से कोयला चोरी करने वालों के ऊपर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान सीआईएसफ को देखकर कोयला लदे तीन बाइक छोड़कर कोयला ले जाने वाले फरार हो गए। तीनों मोटरसाइकिल को अवैध कोयले को सीआईएसएफ के जवानों ने खलारी थाना को सौंप दिया है।

## राज्य खाद्य आयोग के सदस्य करेंगे 66 पंचायतों के मुखिया से संवाद और जनसुनवाई

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, शबनम प्रवीण एवं आयोग के अन्य 3-4 कर्मी सोमवार को लोहरदगा जिला का भ्रमण करेंगें। इस दौरान अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा लंबित परिवाद पत्र की सुनवाई के साथ ही जिले के सभी 66 पंचायतों के मुखिया से संवाद जन सुनवाई किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह नौ बजे से शुरू होगा। माननिय सदस्य लोहरदगा परिसदन भवन में पहुंचेंगें और सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक नया नगर भवन लोहरदगा में जिले के सभी प्रखण्डों के पंचायतों के मुखिया से संवाद करेंगें। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक नया नगर भवन लोहरदगा में जन सुनवाई होगी। इसके लिए जिले अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित योजना, जन वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित सुनवाई एवं जनसुनवाई होगी।

## लापुंग में राम कृष्ण मिशन ने महिलाओं के बीच किया साड़ी का वितरण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के झीकी व माड़ी गांव में रामकृष्ण मिशन टीवी अस्पताल के सचिव स्वामी सुकुमार महाराज व प्रीतीस महाराज के द्वारा सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर स्वामी सुकुमार महाराज ने रामकृष्ण मिशन के द्वारा संचालित सेवा कार्यों की जानकारी दी। इससे पूर्व झीकी गांव की महिला मंडल के द्वारा स्वामी महाराज का पारम्परिक रूप से स्वागत किया। मौके पर मंगरा होरो, फल्गुनी, सुप्रभात, रामु, संजय उरांव, मनोज उरांव, एतवा भगत, गोयंदा उरांव, सहदेव लोहरा, योगिया उरांव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** पिपरवार में पूर्व मंत्री अकलू राम की दूसरी पुण्यतिथि मनायी गयी

# अकलू राम के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता : मुद्रिका

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अकलू राम महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



पूर्व मंत्री अकलू राम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन करते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार विकास समिति के बचरा स्थित कार्यालय में रविवार की शाम पूर्व मंत्री अकलू राम महतो की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इसकी अध्यक्षता संतोष कुमार राम और संचालन उमेश मेहता ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूर्व मंत्री अकलू राम महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद ने कहा कि स्व.अकलु राम महतो द्वारा किए गए कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए काफी लंबा संघर्ष किया। उनके संघर्ष को कोयलांचल के लोग हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम में मौजूद रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. अकलू राम महतो का कोयलांचल से गहरा रिश्ता था। कोयला कामगारों की समस्या को लेकर उनका संघर्ष मजदूरों में एक ऊर्जा पैदा करने का काम करता था। उनके संघर्ष के कारण ही मजदूरों को कई अधिकार प्राप्त हुए हैं। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में उनके संघर्ष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

इस मौके पर मुद्रिका प्रसाद, इकबाल हुसैन, अब्दुल कुदूस अंसारी, बाबूलाल राम, अनिल कुवंर, आईडी मेहता, मुजाहिद आलम, राजकुमार, संतोष राम, क्यूम खान, मनोज कुमार, कमालुद्दीन मियां, उमेश मेहता, बुच्चुन पाण्डेय, मंसूर मियां, महेंद्र रॉय, विनोद महतो, मोहन महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए सत्यदेव मुंडा



**सेमिनार में झारखंड में मुंडा जनजातियों के इतिहास, संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में मुंडा जनजातियों के योगदान और संघर्ष पर अपना व्याख्यान देंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा दिल्ली में आयोजित 'अस्मिता, अस्तित्व एवं विकास' विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में अनगड़ा प्रखंड से अध्यापक सत्यदेव मुंडा बतौर वक्ता शामिल हुए। कार्यशाला में भारतीय संविधान की धारा 338 ए के तहत निर्मित एवं संवैधानिक अधिकार अनु जनजातियों की रक्षा, कल्याण तथा उत्थान के लिए सरकार द्वारा बनायी गयी नीतियों व योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा तथा मूल्यांकन और उसका लाभ कैसे प्राप्त हो आदि विषयों पर परिचर्चा की जाएगी। आजादी के 75 साल बाद आज जनजातियों द्वारा देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में महापुरूषों की भूमिका एवं इतिहास के बारे में पूरे देश में पढ़ाया और बताया जा रहा है। इसको लेकर देश के सभी विश्वविद्यालयों में सेमिनार आयोजित कर महापुरूषों की वीर गाथा एवं संघर्ष के बारे में बताया जाएगा। सेमिनार मे मुख्य रूप से देश की स्वाधीनता संग्राम में जनजाति नायकों का महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना, देश के शिक्षा जगत में विद्वान छात्रों आदि को जनजातीय महत्व के विषयों पर शोध के लिए प्रेरित करना तथा राष्ट्रीय अनु जनजाति आयोग की संविधान प्रदत शक्तियों प्रक्रियाओं तथा कार्यों की जानकारी के बारे में सेमिनार आयोजित किया जाएगा।

सेमिनार में सत्यदेव मुण्डा झारखण्ड में मुंडा जनजातियों के इतिहास, संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में मुंडा जनजातियों के योगदान और संघर्ष पर अपना व्याख्यान देंगे।

प्रथम सत्र का कार्यक्रम आइआइटी दिल्ली में तथा दुसरे दिन राष्ट्रपति भवन में आयोजित होगा। इस कार्यशाला में सत्यदेव मुण्डा के नेतृत्व में अध्यापक मुकेश उरांव, सारा पूर्ति एवं ललिता खाखा भाग ले रहे हैं।

# मांगों को लेकर पंसस के प्रतिनिधियों ने विधायक से मिल कर सौंपा ज्ञापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के प्रतिनिधियों ने रविवार को बिरसा कुमार बेदिया के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप से मुलाकात कर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से प्रोत्साहन राशि के बदले मानदेय लागू करने, पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों की सेवा नियमित करने, पंचायत स्वयं सेवक का पद नाम बदलकर पंचायत सहायक करने आदि शामिल हैं। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर वे संबंधित मंत्री से बातचीत कर समस्या के सामाधान की कोशिश करेंगे। मौके पर बिरसा कुमार बेदिया, संजीत प्रजापति, सरिता देवी, ममता देवी, प्रकाश कुमार, सच्चिदानंद कुमार, दिलीप कुमार, विनोद कुमार, संतोष कुमार, वीरसिंह नायक, बैजनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# नस, हड्डी जोड़ बीमारी के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 60 मरीजों का किया गया इलाज



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मानसू मेडिकल हॉल टाटीसिलवे बस्ती में रविवार को देबुका नर्सिंग होम के सौजन्य से नस व हड्डी जोड़ बीमारी का निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन सीआइटी के डायरेक्टर नवनीत सिंह ने किया। इस चिकित्सा शिविर में 60 मरीजों की जांच हुई तथा उनका इलाज किया गया। जांच इंग्लैंड से आये नस व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एकांश देबुका के द्वारा रोगियों का मशीन द्वारा बीएमडी जांच व इलाज किया गया। मौके पर डॉ नित्यानंद मिश्रा, फिजियो डॉ दिनेश ठाकुर, सिस्टर रूपा, सोनू, रोहित, अखिलानंद मिश्रा आदि मौजूद थे।

# डीएसपीएमयू में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर डॉ शकील अहमद अंसारी की हुई नियुक्ति



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसल ग्राम निवासी समाजिक कार्यकर्ता व झारखण्ड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी के तृतीय सुपूत्र डॉ शकील अहमद अंसारी की नियुक्ति डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर हुई है। डॉ शकील अहमद ने मनोविज्ञान विषय पर पीएचडी की डिग्री हासिल कर अस्सिटेंट प्रोफेसर पद के लिए आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल की थी। इनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा बधाई दी है। कहा गया कि प्रखंड में अल्पसंख्यक समुदाय से यह पहले छात्र हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि समाज के साथ प्रखंड के लोगों के लिए गर्व की बात है। बधाई देने वालों में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जेटीयू के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, शिक्षाविद् डॉ रिझु नायक, डॉ सुरेश कुमार महतो आदि शामिल हैं।

**कार्यक्रम : मांडर विधायक ने चान्हो में कई योजनाओं का किया शिलान्यास**

# शिलापट पर नाम नहीं होने के कारण जिला परिषद सदस्यों ने जताया विरोध

**जिप सदस्यों ने योजनाओं के शिलान्यास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का लगाया आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

चान्हो प्रखंड में रविवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में कई जिला परिषद के सदस्य शिलापट में नाम नहीं अंकित होने को लेकर विरोध करते हुए शिलापट में कालिख पोत दिया। इस दौरान विभागीय अभियंता के साथ नोकझोंक भी हुई। जिला परिषद सदस्यों का आरोप था कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की योजनाओं के शिलान्यास के दौरान उपेक्षा की जा रही है, जिसको लेकर यह विरोध हो रहा है।



## विकास योजनाओं का इस तरह से विरोध करना गलत है : शिल्पी नेहा तिर्की

शिलान्यास के दौरान विरोध पर मीडिया से बात करते हुए मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार की योजनाओं का शिलान्यास के दौरान इस तरह विरोध करना सही नहीं है। शिलापट में नाम अंकित होने को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार विधायक, सांसद, नगर निकाय के अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य के अध्यक्ष का नाम या नगर निगम क्षेत्र में मेयर का नाम अंकित किया जाना है। बाकी लोग आमंत्रित सदस्य होते हैं। अगर इस तरह से विरोध होगा तो जनता के बीच गलत संदेश जाएगा।

**विधायक ने सब्जी बेच रही महिलाओं के बीच किया कंबल वितरण :** शिलान्यास कार्यक्रम के बाद लौटने के क्रम में चान्हो बाजार में सब्जी बेच रही महिलाओं के बीच विधायक रुकीं। उन्होंने देखा कि ठंड में ठिठुरते हुई महिलाएं सब्जी बेच रही हैं। एक महिला होने के नाते मानवता का परिचय देते हुए विधायक ने सभी सब्जी विक्रेताओं को कंबल दिया और उनकी समस्याओं से रूबरू हुईं। आगे किसी भी तरह की परेशानी होने पर संपर्क करने की सलाह देते हुए रवाना हुईं। मौके पर कांग्रेस नेता नकुल सिंह, चान्हो प्रखंड अध्यक्ष, मो इस्तेयाक, विधायक प्रतिनिधि, इरशाद खान, कजरु उरांव, अब्दुल्लाह अंसारी, सुजीत शाही, अजीत सिंह, चरवा उरांव, शशि साहू, लतीफ अंसारी, दिलीप सिंह, सुधीर लकड़ा, बसंत राम, प्रमोद लाल, अइनुल अंसारी, अली हसन, बुधराम भगत, चूमनू उरांव, मंजूर, एहसान, जगदीश गोप, पीताम्बर प्रजापति कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धर्म, संस्कृति व परंपरा बचाने के लिए समाज को संगठित होने की जरूरत है : शंकर बेदिया

**बेदिया विकास परिषद के सदस्यों की बैठक में सम्मेलन के आयोजन का निर्णय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** थाना अंतर्गत हेसातू पंचायत के सिकिदिरी बाजार टांड़ में रविवार को बेदिया विकास परिषद् के अध्यक्ष शंकर बेदिया की अध्यक्षता में एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो आदि जिलों के डाड़ी, पतरातू, गोला, अनगड़ा, पेटरवार, सिल्ली, ओरमांझी, कांके, मांडू आदि प्रखंडों से लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से समाज का एक सम्मेलन फरवरी, मार्च 2023 में करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष शंकर बेदिया ने कहा कि समाज का रीति रिवाज, धर्म, संस्कृति परम्परा, बचाने के लिए संगठित होने की जरूरत है, बेदिया समाज का सम्मेलन करने लिए ग्राम कमेटी, पंचायत कमेटी, प्रखंड कमेटी, जिला कमेटी आदि का गठन करने की आवश्यकता है, तभी सम्मेलन को सफल किया जा सकता है।



सचेतक देवकिनदंन बेदिया ने कहा कि समाज का सम्मेलन समाज को जन जागरण करने का एक बेहतर अवसर है। इस सम्मेलन के अवसर का पूरा लाभ उठायें। महासचिव रामफल बेदिया ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के महिला, बुद्धिजीवी वर्ग, छात्र-छात्राएं एवं नौजवानों को बढ़-चढ़ कर भाग लेने की जरूरत है, तभी हम बेहतर समाज बना पायेंगे।

बैठक में बेदिया विकास परिषद् के महासचिव रामफल बेदिया, बेदिया विकास परिषद् के केंन्द्रीय सदस्य रामदयाल बेदिया, बालेश्वर बेदिया, श्यामसुंदर बेदिया, सुभाष बेदिया, चमरू बेदिया, शनिचरवा बेदिया, बैजनाथ बेदिया, कल्लू बेदिया, विजय बेदिया, दूतिलाल बेदिया, चरण बेदिया, भानु देवी, बलराज बेदिया, लहरु बेदिया, फेकन राम बेदिया, देवनाथ बेदिया, सुमित्रा देवी, बाल किशुन बेदिया, एतवा बेदिया, राजकुमार बेदिया आदि उपस्थित थे।

# चौपाल को सफल बनाने के लिए आमया संगठन ने विभिन्न गांवों का किया दौरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांके।** ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन आमया द्वारा राजभवन के समक्ष राज्य के मुसलमानों के हक और अधिकार को लेकर 29 नवंबर को जन चौपाल आहूत की गयी है। कार्यक्रम को लेकर आमया संगठन के प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी ने कांके प्रखंड के उलातु, कुम्हारिया, सतकनादु, हुसिर, होचर, बालू कोकडोरो सहित कई गांवों पर जाकर लोगों से चौपाल कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। साथ ही कहा कि राज्य अलग के 23 वर्ष हो गए। लेकिन अभी तक मुसलमानों के मामले हल नहीं हुए। इन्हें बुनियादी सुविधाओं सहित इनके हक और अधिकार भी नहीं मिले। साथ ही सभी मुस्लिम समाज महागठबंधन की सरकार को वोट किये, उसके बावजूद भी सरकार समस्याओं का निदान नहीं कर रही। अब चौपाल लगाकर आमया संगठन सरकार को अपनी ताकत दिखाएगा।



दौरा में मुख्य रूप से अबुसमा अंसारी, अख्तर अंसारी, अहमद रजा, गुलजार खान, जुमाउद्दीन अंसारी शामिल रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के चाचा का निधन शोक व्यक्त



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनगड़ा मंडल के अध्यक्ष रामनाथ महतो के चाचा परमेश्वर महतो का आकस्मिक निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे तथा काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, डॉ अमर कुमार चैधरी, डॉ रिझु नायक, मनोज कुमार चौधरी, सुनील महतो, नरेश साहू, प्रताप कुशवाहा, रामकुमार दुबे, जगेश्वर महतो, अगमलाल महतो, संतोष महतो, राजेन्द्र महतो, सिकंदर अंसारी, राजू प्रमाणिक, घनेनाथ महतो, विजय महतो, राजू महतो, रामपोदो महतो, शीतल ओहदार आदि शामिल हैं। रविवार को स्वर्णरेखा मुक्तिधाम लालगढ़ में उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# कांके रोड में राज ड्राइविंग स्कूल खुला

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके रोड में गोकुल स्वीट्स के सामने राज ड्राइविंग स्कूल खुला। इसके संचालक लालबाबू ने बताया कि यहां कुशल ड्राइवरों द्वारा फोर व्हीलर कार, स्कॉर्पियो, सुमो व अन्य वाहनों की ड्राइविंग मात्र 12 दिनों में सिखाई जाएगी। स्कूल सुबह 7 से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा। ड्राइविंग सीखने वाले आवेदकों को विशेष लाभ भी दिया जा रहा है।

**कार्यक्रम : जनसंपर्क अभियान और पंपलेट चिपका कर किया जा रहा प्रचार**

# आमया संगठन का राजभवन के समक्ष चौपाल कल

**जिलों के विभिन्न गांवों से मुस्लिम समाज के हजारों लोगों का होगा जुटान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** आधा करोड़ की आबादी वाले अल्पसंख्यकों के विभिन्न मुद्दों को लेकर राजभवन के समक्ष आमया संगठन चौपाल लगायेगा। राजभवन के समक्ष 29 नवंबर को मुसलमानों का चौपाल कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिए रातू क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आमया के केंद्रीय सचिव नौशाद आलम के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।



श्री आलम ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 23 वर्ष हो गये लेकिन झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राज्य के 50 लाख मुसलमानों के संवैधानिक अधिकार, शिक्षा रोजगार और विकास की बात तो छोड़ दीजिये अल्पसंख्यकों के अधिकार से जुड़े बोर्ड निगम आयोग कमेटी का भी गठन तीन वर्षों में नहीं किया गया। मॉबलिंचिंग पर कानून, विभिन्न प्रकार के घटनाओं में पीड़ित परिवार के न्याय और मुआवजा के मामलों की अनदेखी हुई है। ऐसे कई सवालों को लेकर संवैधानिक व लोकतांत्रिक तरीके से चौपाल कार्यक्रम रखा गया है।

जनसंपर्क अभियान में रातू प्रखंड सिद्दीक अंसारी, अब्दुल बारीक, सईद अंसारी, अंजुम खान, आसिफ रुहुल्लाह, आसिफ कलाम, तहमीद अंसारी, हाफिज जान मुहम्मद, इमरान अंसारी, मंजूर आलम, नसीम अंसारी, अफसर आलम, फिरोज आलम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# सतकनादू में सबा सीमेंट, सबा फैशन वस्त्रालय व सबा हार्डवेयर का उद्घाटन



**कांके (आजाद सिपाही)।** सतकनादू मुख्य मार्ग में ग्रामीणों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सबा सीमेंट, सबा न्यू फैशन वस्त्रालय व सबा हार्डवेयर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी सत्यदेव कुमार साहू व पूर्व जिप सदस्य मोजीबुल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। संचालक मो. कलीम अंसारी व मो. मिनहाज अंसारी ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों में आसपास के सभी ग्रामीणों को उचित मूल्य पर सभी समानें उपलब्ध करायी जाएंगी। उद्घाटन अवसर पर सदर रशीद अंसारी, सऊद अंसारी, मो. मेराज, तफज्जुल अंसारी, विजय उरांव, अशफाक खान सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

# ओरमांझी में नागपुरी गायक दीनदयाल लोहरा को किया गया सम्मानित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बिरसा मुंडा पर गाये गये नागपुरी गीत के लिए गायक दीनदयाल लोहरा को मारुति मंगल परिवार धार्मिक एवं सामाजिक संस्था के द्वारा अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं राशि देकर सम्मानित किया गया। गाने के बोल हैं कितना महान रहे हमर बिरसा भगवान। जिसे यू ट्यूब पर सुना जा सकता है।

# बोड़या चौक में समारोह आयोजित कर खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**कांके (आजाद सिपाही)।** बोड़या चौक कांके में समारोह आयोजित कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आकाश बोडेया निवासी बुशु खेल में राष्ट्रीय स्तर में आयोजित श्रीनगर में प्रथम स्थान प्राप्त किये व रोशनी उरांव चिरौंदी निवासी खेलो इंडिया खेलगांव में आयोजित 17 नवंबर से 20 नवंबर खेल में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल लाकर झारखंड राज्य का नाम रोशन किये। इन दोनों खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर, बुके देकर व माल्यार्पण कर अतिथियों व गणमान्य लोगों ने स्वागत कर इनकी हौसला अफजाई की। इस अवसर पर गोविंद नारायण तिवारी, कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश बैठा, जिप सदस्य संजय महतो, सुरेंद्रनाथ दुबे, सरपंच अमर तिर्की, अनिल उरांव, आजसू जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अधिवक्ता ईशान रोहन रएवं मुख्य रूप से पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने अपने मधुर स्वरों से नागपुर का कोरा गाकर आयोजन को सफल बनाया।

# रातू फुटकलटोली में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन, सावन गाड़ी बने अध्यक्ष

**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रातू प्रखंड समिति के द्वारा फुटकल टोली पंचायत में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में एक बैठक रखी गयी। बैठक में फुटकलटोली पंचायत समिति का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष सावन गाड़ी को चुना गया। इसके अलावा सचिव मोहम्मद ताजिम, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, उपाध्यक्ष पहना तिर्की, बुतुरू उरांव, संगठन सचिव शमशेर अंसारी, सह सचिव राजू तिग्गा, पंचायत कार्यकारिणी सदस्य युसूफ अंसारी उर्फ पिंटू नौशाद अंसारी उर्फ लड्डू, नूर हकीम, आसिफ अंसारी, आबिद अंसारी को बनाया गया। कार्यक्रम में असलम अंसारी, प्रदीप किस्पोटा, मुदस्सर खान, सचिन उरांव, सैयद फिरोज एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ओडीए संस्था ने बेड़ो प्रखंड के जामटोली में किया कंबल और वस्त्र का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में ओडीए संस्था रांची के द्वारा 50 जरूरतमंदों महिला-पुरुषों के बीच कंबल व वस्त्र वितरण किया गया। वहीं संस्था के अध्यक्ष सुनीता वर्मा, सचिव आशीष कुमार और मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने ग्रामीणों के बीच गांव के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौके पर हरिहरपुर जामटोली गांव के ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा, वार्ड सदस्य गोयंदा उरांव, समाजसेवी गोविंद गोप, लुइस फ्रांसिस एक्का ,जतरू उरांव, जोसेफ उरांव, सोमरा उरांव, गोयंदा मिंज, लखन लोहरा ,मोहन लोहरा ,बिरसा उरांव, सोहन लोहरा ,दयाल उरांव, बेनेदिक तिर्की ,जोसेफ लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पाटन प्रखंड के मनरेगा योजनाओं में अनियमितता को लेकर डीसी ने की कार्रवाई

# रोजगार सेवक, जेइ, एइ, बीपीओ हटाये गये, मुखिया पर एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी अपना पदभार संभालने के बाद प्रखंडों में विचौलियों और विभिन्न योजनाओं में गडबड़ी करनेवाले लोगों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। पलामू जिले के पाटन प्रखंड अंतर्गत हिसरा बरवाडीह पंचायत में संचालित मनरेगा कार्य में अनियमितता करने वालों के खिलाफ डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने मनरेगा नियम के विरुद्ध कार्य करने वाले रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार,कनीय अभियंता गंगा पासवान,सहायक अभियंता अमरेंद्र कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार जयसवाल की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है साथ ही डीसी ने पंचायत सचिव अभिषेक कुमार को निलंबित करते हुए इनके विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया है।

### बनाना था 5 पशु शेड, बीपीओ ने अवैध ढंग से शुरू करा दिये 401 पशु शेड

मनरेगा आयुक्त के निर्देश के आलोक में प्रति पंचायत 5 पशु शेड की योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाना था परंतु हिसरा बरवाडीह पंचायत में बीपीओ ने 401 पशु शेड की योजना को स्वीकृति दी। इस संबंध में श्री दोड्डे को कई माध्यमों से शिकायत मिली जिसके पश्चात डीसी ने प्रशिक्षु आईएएस से पूरे मामले की जांच करायी जिसमें बीपीओ के विरुद्ध सभी आरोप सही पाए गए जिसके पश्चात उन्होंने ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार जयसवाल की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की करवाई की।

### पंचायती राज विभाग को मुखिया की वित्त शक्ति जब्त करने को लेकर भेजा प्रस्ताव

जांच के क्रम में पाया गया कि हिसरा बरवाडीह पंचायत में उक्त सभी योजनाओं का कार्यान्वयन ग्राम पंचायत स्तर से किया जा रहा है तथा सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मुखिया द्वारा प्रदान की गयी है साथ ही द्वितीय हस्ताक्षरी के रूप में राशि का भुगतान हेतु भी ये सीधे जवाबदेह है जिसके बाद पाटन थाने में मुखिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### मनरेगा राशि की अनियमितता करनेवालों से राशि वसूलने की तैयारी

डीसी ने पाटन बीडीओ मनोज तिवारी को हिसरा बरवाडीह पंचायत अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत/कार्यान्वित कुल 401 पशु शेड की सभी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कर 15 दिनों के भीतर योग्य तथा अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करने के पश्चात मनरेगा कोषांग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है ताकि अयोग्य पाए गए लाभुकों के पशु शेड की योजना को रद्द किया जा सके साथ ही अयोग्य पाये गये लाभुकों को किया गया गलत भुगतान की राशि की वसूली दोषी कर्मियों से की जा सके।

# तीन सूत्री मांग को विधानसभा में उठाने को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांडू।** प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने अपने तीन सूत्री मांगों को लेकर विश्रामपुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अपने 3 सूत्री मांगों को विधानसभा सत्र में मजबूती के साथ उठाने की बात कही। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ पांडू ने प्रदेश स्तरीय कमेटी के मार्गदर्शन पर तीन सूत्री मांग की जिक्र किया है। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की सेवा स्थाई की जाये। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की प्रोत्साहन राशि को हटाकर एक उचित मानदेय दिया जाये। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाये। इन्हीं तीन मांगों को विधानसभा सत्र में उठाने हके लिए अपने क्षेत्रीय विधायक से आग्रह किया है। विधायक चंद्रवंशी ने अस्वस्थ करते हुए कहा कि तीनों मांगे जायज है। 16 दिसंबर से चलने वाला विधानसभा सत्र में आपका मांग अवश्य रखूंगा। मौके पर पंकज पांडे, आशुतोष पांडे, मनोरंजन कुमार गुप्ता, विनोद राम, विजय कुशवाहा, एजाज अंसारी, दिनेश श्रीवास्तव, विकास कुमार, भरत कुमार दीक्षित, कृष्ण कुमार, कैसा शैतानी कई लोग उपस्थित रहे।

## घर-घर पानी, हर गली में सड़क मेरी पहली प्राथमिकता : मनोज



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड में निकाय टलने की सम्भावना के बाद भी मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने मैदान नहीं छोड़ा है। 19 दिन पूर्व से शुरू घर घर यात्रा के तहत आपका बेटा आपके द्वार कार्यक्रम निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है,जिसमें मनोज सिंह को लोगों का आपार समर्थन मिलता दिख रहा है।रविवार को वार्ड नंबर 3 के भ्रमण के दौरान जनता से आशीर्वाद मांग रहे मनोज ने कहा कि दशकों पहले इस क्षेत्र को निकाय में जोड़ा गया लेकिन आजतक घर-घर पानी नहीं पहुंच पाया।मेरी पहली प्राथमिकता घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की है। मैं अपनी माताओं के कष्ट को नजदीक से महसूस कर रहा हूं जो पानी के बूंद-बूंद के लिए लम्बा इंतजार करती हैं।उन्होंने कहा की मेरा यह संकल्प है कि क्षेत्र के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के टलने से मेरे संकल्प पर कोई फर्क नहीं पड़ा है मैं आम आदमी की परेशानी को देखने निकला हूं और उस परेशानी से कैसे निजात दिलाना है यह संकल्प लेकर निकला हूं। आज की यात्रा में छोटू पांडे, प्रवीण तिवारी, मुकेश सिंह, गुड्डू सिंह, विजय सिंह, पियूष राज, संतोष कुमार, दिपक राम, प्रमोद सिंह,संजीव कुमार व अंकित सिंह और अन्य लोग शामिल थें।

## पलामू के गिरिवर प्लस टू हाइस्कूल में साइंस के टीचर नहीं, गणित के टीचर पढ़ा रहे कॉमर्स

**पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के मेदिनीनगर के गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है. इस विद्यालय में 11वीं एवं 12वीं कक्षा में 1,700 विद्यार्थी हैं. यहां शिक्षकों का सृजित पद 11 है, लेकिन शिक्षकों का अभाव है. इस विद्यालय में विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई होती है. विज्ञान पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक नहीं हैं. इतना ही नहीं, गणित के टीचर कॉमर्स पढ़ा रहे हैं। जहां तक विज्ञान की बात है, तो भौतिकी, रसायन शास्त्र व जीव विज्ञान के लिए एक भी शिक्षक नहीं हैं. कला संकाय में इतिहास व राजनीतिक विज्ञान विषय के शिक्षक नहीं हैं, जबकि वाणिज्य संकाय के किसी भी विषय के शिक्षक नहीं हैं।

## संविधान हमारे देश को सही दिशा प्रदान करता है : कुमार आदर्श

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के आवासीय प्रांगण में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने सभी बच्चों के बीच संविधान की पुस्तक को समर्पित किया। उक्त मौके पर उपस्थित बच्चों, शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि सही मार्गदर्शन और अथक परिश्रम से निर्मित यह संविधान हम सभी को एक बेहतर दिशा प्रदान करता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। उद्देशिका के माध्यम से भारतीय संविधान का सार, अपेक्षाएं, उद्देश्य उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है। इसी कारण यह 'हम भारत के लोग' इस वाक्य से प्रारम्भ होती है। प्राचार्य ने कहा कि संविधान भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ है। वस्तुतः भारत का संविधान देश को संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणतंत्र घोषित करता है और अपने नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय की प्रत्याभूति देता है। जिस पर हमें असीम गर्व और गौरव है। इस अवसर पर आवासीय विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सुधांशू दूबे द्वारा भी संविधान से सम्बंधित तथ्य बच्चों के साथ साझा किया गया। मौके पर अर्जुन अग्रवाल, आनंद कुमार, विशाल राज, रिजवाना प्रवीण, गौरव तिवारी, जेपी सर, अभिषेक गिरी,मनोज पांडेय समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सन टेक प्लास्टिसाइजर प्राइवेट लिमिटेड रेहला के द्वारा बिश्रामपुर नप के वार्ड 8 में रविवार को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान पार्षद नजमुद्दीन नूरी ने कहा कि सनटेक कंपनी द्वारा इस ठंड के मौसम में कंबल का वितरण करना काफी सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह अन्य समाजसेवी गरीब, असहाय लोगों को बीच बीच में मदद करें तो निश्चित तौर पर ऐसे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वही सनटेक कंपनी के प्रबंधक नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए आसपास के लोगों को कंबल वितरण के अलावा अन्य सामाजिक कार्यों को करने के लिए प्रबंधन कृत संकल्पित है। इस मौके पर कंपनी के शिवानंद कुमार,अशोक यादव,अमरेश कांत मिश्रा, अभिषेक चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद थे। कंपनी के द्वारा शनिवार को भी घोरडीहा के वार्ड 4 में भी गरीब,असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया था।

## टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में एचपीएल की शुरुआत

# आयोजन से खिलाड़ियों में आयेगा निखारः एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने को लेकर टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में पहली बार एचपीएल का आयोजन किया गया । इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की बोली लगाकर स्थानीय लोगों ने खरीदा है। आइपीएल की तरह लोकल स्तर पर यह आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने किया है। एचपीएल के आयोजन से युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। टीम सूर्या के बैनर तले सूर्या सिंह ने पंचायत स्तरीय टूनार्मेंट की शुरूआत अनुमंडल मैदान से की है। यह आगे भी जारी रहेगा। उद्घाटन के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में एचपीएल की शुरूआत कर युवाओं और खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचरण कर दिया है। गांव गांव में युवा खेल के प्रति उत्साहित हैं। एचपीएल का समापन 12 दिसंबर को होगा। समापन के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग शामिल होंगे। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने कहा कि इस तरह का आयोजन पलामू प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आएगा। उन्होंने आयोजन के लिए टीम सूर्या की सराहना की। उद्घाटन मैच अंशु अग्रवाल की टीम हैदरनगर ब्लास्टर और रामजी पासवान की टीम डाल्टनगंज दबंग के बीच खेला गया। डाल्टनगंज दबंग की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया।समाचार लिखे जाने तक हैदरनगर ब्लास्टर्स ने सभी विकेट खो कर 140 रनों के लक्ष्य डालटनगंज दबंग को दिया है ,जिसका पीछा करते हुए डालटनगंज दबंग ने 7 विकेट पर 16 ओवर में 107 रन बना लिए थे।इस टूनार्मेंट का आयोजन कर्ता एस एम रजा,संजीत कुमार, दानिस, असगर खान,दसरथ झा, रामजी पासवान,अफजल हुसैन, अनवर खान, अमित कुमार, जिसान हसन, क्वाल, मिंटू, अनिल, आदि ने सफल बनाने में अहम भूमिका निभाया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, इम्तेयाज आलम, केदार सिंह, बिमलेश सिंह, रविंद्र कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## नौकरी छोड़ साइकिल से बेचते हैं फल-फूल

**पलामू (आजाद सिपाही)।** खुद की बनाई हुई राह से चल कर मंजिल तक पहुंचना भले ही संघर्ष की कथा लिखती है, पर इसका मजा भी कुछ और है. खास कर स्टार्टअप की अनेकों सफलता के किस्से इनदिनों युवाओं को कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया है. कुछ ने जीवन में सफल होने के लिए पारम्परिक रोजगार स्त्रोतों की ओर न जाकर खुद के लिए नए विकल्प तैयार किया तो कुछ ने अपनी मजबूरियों से कुछ अलग कर अपनी तकदीर को मुकम्मल बनाया. ऐसे ही एक युवा है अनूप खलखो. अनूप वैसे तो पुश्तैनी तौर पर लातेहार के महुआडांड़ के रहने वाले है लेकिन पिछले कई वर्षो से पलामू के पोखराहा में अपने परिवार के साथ रह रहे है. अनूप खलखो ने अपनी बातें साझा की जो बेहद रोचक है और प्रेरणादायक भी। बीएड की पढ़ाई पूरी करने के बाद अनूप को उत्तराखंड के गढ़वाल में एक मिशन स्कूल में शिक्षक की नौकरी लगी. वहां बच्चों के साथ वे काफी घुल मिल गए. इसी बीच उनके बच्चे भी बड़े हो गए. अनूप की पत्नी नर्स का काम करती है, उन्हें भी काफी समय घर के बाहर बिताना पड़ता था. ऐसे में बच्चों की परवरिश ठीक से नहीं हो पा रहा था. बच्चों को ठीक से पढ़ाने की ललक ने अनूप को शिक्षक की नौकरी छोड़ नया कुछ करने के विवश किया।

# स्पोर्ट्स




भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। सिर्फ 12.5 ओवर का खेल मुमकिन हो पाया। इसमें भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 1 विकेट खोकर 89 रन बनाये।

## मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है भारत के नाम

# हमारा हर 25वां वनडे बेनतीजा रहता है, हमेशा बारिश नहीं होती वजह

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। सिर्फ 12.5 ओवर का खेल मुमकिन हो पाया। इसमें भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 1 विकेट खोकर 89 रन बनाये। यह भारतीय टीम के वनडे इतिहास का 42वां रद्द वनडे मुकाबला है। इस मामले में टीम इंडिया पहले से ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हुए हैं। भारत का हर 25वां वनडे रद्द हो जाता है।




रद्द होने वाले मैचों के पीछे बारिश सबसे बड़ा फैक्टर है। हालांकि कुछ मैच बिना बारिश के भी रद्द हुए हैं। इसके बारे में आगे जानेंगे। इसके अलावा इस स्टोरी में देखेंगे कि किस टीम के खिलाफ भारत के कितने मुकाबले रद्द हुए हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि रद्द होने की स्थिति में मैच की परफॉर्मेंस को रिकॉर्ड में काउंट किया जाता है या नहीं। वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया के सबसे ज्यादा मुकाबले श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुए हैं। भारत ने अब तक श्रीलंका के खिलाफ 162 वनडे मैच खेले हैं। इनमें से 11 मैच बेनतीजा रहे। इनमें 2002 चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनल मैच भी शामिल हैं। फाइनल के पहले दिन श्रीलंका की पारी के दौरान बारिश शुरू हो गई।

### सबसे पहले जान लेते हैं कि दर्शकों के साथ क्या होता है

अगर कोई मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो जाता है तो दर्शकों को पूरा रिफंड मिलता है। शर्त यही होती है कि उसने टिकट मेजबान बोर्ड द्वारा वेरिफाइड किसी ऑनलाइन या ऑफलाइन वेंडर से खरीदी हो। अगर मैच में एक भी गेंद का खेल हो जाता है तो आमतौर पर दर्शकों को कोई पैसा नहीं मिलता है। हालांकि कुछ क्रिकेट बोर्ड इस स्थिति में भी पैसे वापस कर देते हैं।

# सेकेंड शोटो कप के दो दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ग्लोबल स्कोतों कराटे दो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेकेंड शोटो कप के दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन समारोह 27 नवंबर हरिवंश ठाना भगत स्टेडियम में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि युवा नेता पूर्व सिली विधयाक एवं खतयनि झारखंडी पार्टी के अध्यक्ष अमित महतो के साथ सौमेन दत्ता प्रेजिडेंट ऑफ ग्लोबल स्कोतों कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया सियान तारक दास सरदार सैन्सुई सैंसुई शिवम कुमार मौजूद थे। मुख्य अतिथि अमित महतो ने विभिन्य प्रांतों बिहार, ओड़िशा, असम, वेस्ट बंगाल, त्रिपुरा से आये सभी प्रतियोगियो का झारखण्ड की भूमि पर तहे दिल से स्वागत किया एवं उनक उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने ये भी बताया के आज के इस युग में महिलाओं के लिए कराटे जैसे सेल्फ डिफेंस खेल अत्यंत आवश्यवक है। जिससे वो खुल कर उड़ान बार सके। सौमेन दत्ता प्रत्योगिता क प्रथम विजय पश्चिम बंगाल, द्वितीय विजेता असम को पुरस्कार से सम्मानित कर उनको इसे तरह हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की कामना की।

## देवघर जाने के नाम पर बुक की थी स्कॉर्पियो, फिर लूटकर हो गये थे फरार

# स्कॉर्पियो लूटकांड में धनबाद से दो महिला समेत सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** देवघर जिले के मागोमुंडा थाना क्षेत्र से बीते दिनों लूटी गई एक स्कॉर्पियो को धनबाद से बरामद कर लिया गया है। लूट के मामले में शनिवार की देर रात मधुपर (देवघर) एसडीपीओ बिनोद रवानी और तोपचांची पुलिस ने तोपचांची, राजगंज, तेतुलमारी और गोमिया में छापामारी कर घटना में शामिल दो महिलाओं और पांच पुरुषों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई स्कॉर्पियो को तेतुलमारी से बरामद कर लिया है। वहीं इस घटना को अंजाम देने के लिए आरोपितों ने जिस स्कॉर्पियो का इस्तेमाल किया था, उसे तोपचांची से बरामद किया गया।



आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद तोपचांची में मौजूद देवघर की पुलिस।

### गिरफ्तार आरोपित बिहार व झारखंड के

पकड़े गए आरोपितों में तोपचांची के रहने वाले अफरोज, बिहार के नालंदा का विशाल कुमार, राजगंज का बिनय कुमार, धुर्वा (रांची) का सूरज कुमार, बिहार के मोतिहारी की रिमझिम देवी, बिहार के बेतिया की अंजली कुमारी और गोमिया निवासी लड्डू पांडेय शामिल है। विशाल और बिनय कुमार राजगंज के रहने वाले थे, जबकि रिमझिम देवी, अंजली कुमारी और उसके भाई लड्डू पांडेय को गोमिया से गिरफ्तार किया गया। वहीं सूरज कुमार को लूटी गई स्कॉर्पियो के साथ पुलिस ने तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड़ स्थित आदिवासी टोला से गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी आरोपितों को लेकर देवघर पुलिस रविवार की सुबह रवाना हो गई।

### बिहार के नवगछिया से देवघर तक के लिए बुक की गयी थी स्कॉर्पियो

**देवघर से धनबाद आई पुलिस ने बताया कि आरोपितों ने 23 नवंबर को बिहार के नवगछिया निवासी मुस्कान कुमार उर्फ उदय कुमार यादव की स्कॉर्पियो को योजनाबद्ध तरीके से देवघर जाने के नाम पर बुक किया था। देवघर में मागोमुंडा के पास आरोपित चालक को नशे वाला पेड़ा खिलाकर स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो सारा भेद खुल गया। छापामारी टीम में मधुपुर के एसडीपीओ बिनोद रवानी, मागोमुंडा थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा, तोपचांची थाना प्रभारी जयराम महतो, अनिल विद्यार्थी समेत तोपचांची थाना तथा मरगोमुंडा थाना के जवान शामिल थे।**

# विधायक मथुरा महतो ने किया मंदिर व पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

## पर्यटकों को टुंडी में आकार्षित करने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजगंज।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित गंगापुर स्तिथ मां लिलोरी मंदिर और टुंडी के चरक स्तिथ गर्म कुंड को पर्यटन स्थल बनाने की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। जल्द ही दोनों स्थान पर्यटन स्थल के रूप में दिखेगा। उक्त बातें टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कही। वे रविवार को गंगापुर लिलोरी मंदिर परिसर में जिला विकास एवं पर्यटन संवर्धन मद से 52 लाख की लागत का सौंद्रर्यीकरण योजना का शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। इसमें पांच शेड, तीन चबूतरा, चारदीवारी की ऊंचाई एवं कस्ट्रीना वायर के साथ रंगाई पोताई, सामुदायिक भवन का निर्माण, रसोई घर, कूप मरम्मत्ती, फेवर ब्लॉक कार्य, बैठने के लिए सात बैंच का निर्माण शामिल है। विधायक मथुरा ने कहा कि मां लिलोरी मंदिर का पर्यटन स्थल बनने से यहां के ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर बीस सूत्री सदस्य रविंद्र महतो, संजय पासवान, बसंत महतो, मुखिया मनोज महतो, पंचायत समिति सदस्य शनिचर टुडू, अंतु टुडू, रूपलाल किस्कू, जितेंद्र टुडू, मोतीलाल महतो, अमर चौधरी व फटिक चौधरी आदि मौजूद थे।



# भाजपा नेत्री के घर से 40 हजार नगदी सहित लाखों रुपये की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** सेंद्रा पांच नंबर स्थित भाजपा नेत्री गुड़िया देवी के घर का ताला तोड़कर 40 हजार रुपये नकदी समेत करीब तीन लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिस समय घटना हुई घर में कोई नहीं था। भाजपा नेत्री मौसा के निधन पर दुग्धा चंद्रपुरा गई हुई थीं। घटना के जानकारी मिलने के बाद गुड़िया देवी अपने घर पहुंची और जांच करने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। इशके बाद लोयाबाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। चोरी हुए सामानों में सोने की चेन, एक जोड़ी झुमका, सोने की एक जोड़ी बाली, नथिया एक सेट, मंगटिका एक पीस, मंगल सूत्र एक सेट, एक जोड़ी सोने का कंगन के अलावा चांदी का पायल तीन सेट, चांदी का सिक्का तीन पीस व नकद 40 हजार रुपये शामिल है।





गुड़िया देवी की मामी सास सरिता देवी के पास बाहर गेट का चाभी था। रविवार की सुबह छह बजे के आसपास जब पानी लेने के लिए गेट का ताला खोली तो, अंदर का दृष्य देखर वो हैरत में पड़ गयी। भीतर गेट का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने तुरंत गुड़िया को इसकी सूचना दी। वहीं, घटना के बाद विधायक ढुल्लू महतो ने भाजपा नेत्री से फोन कर घटना की जानकारी ली। वहीं, पुलिस ने जल्द घटना का उद्‌भेदन करने की बात कही हैं।

### पुलिस कर रही मामले की जांच: थाना प्रभारी

लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने कहा कि गुडिया देवी की लिखित शिकायत मिली है। मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। रात करीब तीन बजे तक पुलिस गश्ती दल वहां पर मौजूद थी। इन लोगों को घटना का पता नहीं चला। बाहरी दरवाजा पर ताला लगे रहने के कारण समझ में नहीं आया होगा।

# बोकारो हैप्पी स्ट्रीट ने रचा इतिहास



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील सिटी को देश का पहला ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए जनभागीदारी द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांधी चौक से पत्थर कट्टा चौक तक एक तरफ इस सड़क को हैप्पी स्ट्रीट बनाया गया है जिसमें रविवार की सुबह 7.30 से 9.30 तक यातायात आवागमन बंद कर दिया, ताकि लोग हैप्पी स्ट्रीट का इस्तेमाल जोगिंग, वाकिंग, व्यायाम, साइकिलिंग या स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े कोई भी एक्टिविटी कर सके। इसकी शुरूआत 27 नवंबर को हुई जिसके लिए गांधी चौक से बोकारो मॉल तक एक तरफ का सड़क यातायात के लिए सुबह दो घंटे बंद किया गया। इस अभियान के उद्‌घाटन के मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन कुमार झा, बीएसएल के अधिशासी निदेशक, सीइओ-बीपीएससीएल, अन्य वरीय अधिकारी और कर्मी, विभिन्न स्कूलों की टीमें, रोटरी और लायंस क्लब, महिला समिति, अन्य संगठन आदि उपस्थित थे। इस कार्निवाल जैसे माहौल के बीच सैंड आर्टिस्ट अजय शंकर महतो का हैप्पी स्ट्रीट की थीम पर बना हुआ सेंड आर्ट भी देखते बन रहा था। स्केटिंग, योगा, डांसिंग, पेंटिंग, संगीत, विभिन्न प्रकार के खेल आदि से पूरा हैप्पी स्ट्रीट का माहौल खुशनुमा बना रहा।

# 28वीं राष्ट्रीय जूनियर थांगटा प्रतियोगिता के लिए झारखंड दल मणिपुर रवाना



**धनबाद (आजाद सिपाही)। थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में एक दिसंबर से मणिपुर के इम्फाल में आयोजित होने वाली 28वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग-टा चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए झारखण्ड थांग- टा संघ की 13 सदस्यीय दल रविवार को मणिपुर के लिए रवाना हो गई। टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी कोच कृष्णा कुमार शाव (धनबाद) और मैनेजर सोनामोती कुमारी (पलामू) को सौंपी गयी है, जबकि खिलाडियों में सरीब खान, सोनम कुमारी, अम्बी खातून (सभी पलामू) मुश्कान कुमारी और इंदु कुमारी (गढ़वा), करिश्मा कुमारी, पल्लवी कुमारी, राधिका सहाय, सुमित टुडू, मनीष राम, सौरभ भारती (सभी धनबाद) को शामिल किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए झारखण्ड थांग- टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी ने बताया कि दल के सभी खिलाडियों का अभ्यास बेहतर है और इनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।**

# केएमसीएल आवासों में रह रहे लोगों की समस्याओं को लेकर अरूप चटर्जी ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने रविवार को कुमारधुबी के बागानधौड़ा छाईगद्दा में केएमसीएल आवासों में रहने वाले लोगों के साथ एक बैठक की। बताया कि केएमसीएल की नीलामी के बाद कंपनी आवासों में निवास कर रहे लोगों के मन में यह डर बैठ गया है कि अब उन्हें आवासों को खाली कर अन्यत्र जगह जाना होगा। इन सभी व्यक्तियों में मजदूर भी हैं तो उन सबों का बकाया हिसाब कब तक का और कैसे मिलेगा। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर बैठक की गई ।यहां के सभी लोग हमारे पिता कॉमरेड स्व गुरदास चटर्जी के समय से फैक्ट्री बंद समय के पहले जुड़े हुए हैं। कारखाना बंद होने के बाद जब बिजली पानी को बंद कर दिया गया, तो हमने ही बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराया। दूसरी राजनीतिक पार्टियों के लोगों द्वारा श्रेय लेने के सवाल पर पूर्व विधायक ने कहा कि हाई कोर्ट में जो केस चल रहा है उस केस में यूनियन के तरफ से हमारा ही हस्ताक्षर है। दिल्ली और रांची जब जाना पड़ता है तो यही लोग हमारे साथ ही जाते हैं। दूसरे राजनीतिक पार्टियों के नेता यहां राजनीति कर रहे हैं। इस बात को मजदूर वर्कर भली-भांति समझ रहे हैं। इसका सही जवाब मजदूर वर्कर्स सही समय आने पर देंगे। बैठक में अमरेश चक्रवर्ती, धर्मराज यादव, सत्यदेव झा, सोनू पासवान, राजू राय, लक्ष्मण प्रसाद, कुंदन कुमार, रघु यादव आदि मौजूद थे।

# राजगंज के बड्स गार्डन स्कूल में दो दिवसीय बाल मेले का आयोजन




**राजगंज (आजाद सिपाही)।** राजगंज के दलुडीह स्थित बड्स गार्डन स्कूल में रविवार से दो दिवसीय बाल मेला का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्‌घाटन टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। मेले में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नृत्य,संगीत,फैशन शो, फैंसी ड्रेस, एकांकी, नाटक आदि की प्रस्तुति दी। साथ ही सभी ने एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली के साथ अपनी हस्तकला व चित्रकला का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने वृंदावन धाम, कश्मीर-भारत का स्वर्ग, कोविड का दर्द, रसिया-यूक्रेन युद्ध, झरिया की कोलियरी, गांव से शहर तक आदि के दृश्यों का जीवंत मॉडल बनाए थे। इसके अलावा बच्चों ने साइंस और सोशल से जुड़े हुए बहुत सारे प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। मेले में प्रबंधन की ओर से बच्चों के लिए शानदार झूले एवं तारामाची भी लगवाए गए थे। चार साल बाद लगने वाले इस मेले में स्कूली बच्चों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार, चेयरमैन अमर कुमार पाल के अलावा अजय कुमार रावत, जय किशोर, दयाशंकर, गुंजन अग्रवाल, गीता कुमारी, बबीता, पुष्पा,सिमरन आदि की भूमिका सराहनीय रही। वहीं, कार्यक्रम में एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर रामानुज सिंह और राजगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार रजक भी शामिल हुए थे।

# मजदूर विरोधी नीति अपना रहा सेल : राजेंद्र सिंह




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के प्रधान कार्यालय जनवृत्त 9 में रविवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर संगठन के महामंत्री सह एनजेसीएस सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि बोकारो सेल प्रबंधन जिस तरह मजदूर विरोधी नीति अपनाए हुए है ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। ठेका मजदूरों की हालत तो और भी दयनीय हो गई है। एक तरफ जहां ठेका मजदूर न्यूनतम मजदूरी को तरस रहे हैं वहीं दूसरी ओर कार्य के दौरान अगर उनके साथ कोई हादसा हो जाता है तो वर्तमान प्रबंधन साजिश कर दुर्घटना को बीमारी घोषित कर मृतक के आश्रितों का शोषण करने की नीति पर भी काम करने लगा है। 15 अक्टूबर को कोक ओवन में नंदकुमार की दुर्घटना को हार्टअटैक बताना प्रबंधन की इसी साजिश का एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। नंदकुमार द्वितीय पाली में कोक ओवन में बैटरी नंबर 2 में लीड लुटिंग का कार्य कर रहे थे। रात 9.45 बजे ओवन टॉप पर ही वो फिसल कर गिर पड़े, जिससे उनके शरीर का पिछला हिस्सा बुरी तरह से जल गया। प्लांट मेडिकल ने भी अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि दिवंगत नंदकुमार बैटरी नंबर 2 पर कार्य करते हुए गिर पड़े। प्लांट मेडिकल का रिपोर्ट यह भी दर्शाता है कि उनका पल्स, ब्लड प्रेशर और हार्ट सामान्य रूप से काम कर पर कर रहा था। प्रबंधन ने दुर्घटना को छिपाने के लिए बीजीएच में नंद कुमार के जलने का इलाज भी नहीं होने दिया जिस कारण एक और गरीब ठेका मजदूर प्रबंधन की तानाशाही नीति के कारण मौत के मुंह में चला गया। इसके बाद मृतक के आश्रितों को मुआवजा एवं नियोजन से वंचित रखने के लिए प्रबंधन के दबाव में डॉक्टरों ने मौत को हार्ट अटैक करार दिया। जब दिवंगत का पोस्टमार्टम कराया गया तो रिपोर्ट ने भी साबित कर दिया कि मृतक की मौत जलने के कारण दहशत में हुए हार्ट अटैक से हुआ था। यूनियन इसका घोर विरोध करती है। सेल बोकारो प्रबंधन की मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ 28 नवंबर को मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय कोक ओवन पर एक विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। लगे हाथ चेतावनी दी कि मृतक के आश्रितों को न्याय नहीं मिला तो कोक ओवन का धुआं अनिश्चितकाल के लिए बंद करा देंगें। इस मौके पर आरके सिंह, शशिभूषण, पीके देव, अरूण कुमार, रमेश राय, मो इरफान आदि थे।

# युवा दंपत्ति ने वृद्धा आश्रम में मनायी वैवाहिक वर्षगांठ

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में रविवार को धनबाद कोर्ट के युवा अधिवक्ता उत्पल तिवारी ने आश्रम के 35 बुजुर्गों के साथ मिलकर अपना दूसरा वैवाहिक वर्षगांठ मनाया। जिसे देख आश्रम के बुजुर्गों की आंखे छलक उठी। उत्पल तिवारी ने कहा कि उन्होंने आश्रम के बुजुर्गों से वादा किया था कि अपना हर वैवाहिक वर्षगांठ लालमणि आश्रम के माताओं पिताओं के साथ मनाएंगे।

# पूर्व मंत्री माधव लाल ने दिया बीमार प्रधानाध्यापक को बेहतर इलाज कराने का भरोसा

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने गोमिया के पंचायत टोला निवासी एवं होसिर हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रदीप यादव से रविवार को मुलाकात की। चंद्रदीप यादव पिछले कुछ दिनों से लकवाग्रस्त होने से बीमार चल रहें हैं। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री उनका हालचाल लेने पंसारी टोला स्थित उनके चचेरे भाई अर्जुन यादव के आवास पहुंचे थे। यहां चंद्रदीप यादव से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। चंद्रदीप यादव निःसंतान है। पूर्व मंत्री ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद मदद के आश्वासन के साथ ही यथा संभव समस्याओं के निदान को लेकर भी आश्वस्त किया। लगे हाथ खाद्य सामग्री के रूप में आटा, चावल, कुछ आवश्यक सामग्री एवं नगद राशि भी सहयोग स्वरूप दिया।



# घायल पूर्व विधायक आनंद महतो से मिलने पहुंची विधायक पूर्णिमा सिंह और उमाशंकर अकेला



**बलियापुर (आजाद सिपाही)। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और बरही विधायक उमाशंकर अकेला रविवार को बड़ादहा पहूंचे। जहां सड़क दुर्घटना में घायल पूर्व विधायक आनंद महतो से मुलाकात की और स्वास्थ संबंधी उनका हालचाल जाना। लगे हाथ स्वास्थ लाभ की कामना की। झरिया विधायक ने पूर्व विधायक से आशीर्वाद भी लिया। बता दें कि सिंदरी-बलियापुर रोड स्थित बीबीएम इंटर कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में पूर्व विधायक महतो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद उनका इलाज एशियन जालान व दुगार्पुर मिशन अस्पताल में हुआ। स्वास्थ में सुधार होने के बाद मिशन अस्पताल के चिकित्सकों ने पूर्व विधायक को दो दिन पूर्व छुट्टी दे दी। जहां कार्यकर्ताओं के आने जाने का सिलसिला लगा हुआ है।**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने निकाली जागरूकता प्रभात फेरी

# मौलिक अधिकारों व कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक होना जरूरी:अवर न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नागरिकों को अपने मौलिक अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। संविधान में वर्णित संदेशों पर अमल करने के लिए हरेक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निकाले गए प्रभात फेरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने उक्त बातें कही। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना और संविधान के उद्देश्यों पर चर्चा किया। वहीं संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सात दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है जिसकी शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद राम शर्मा के निर्देश पर प्रभात फेरी निकालकर की गई। प्रभात फेरी व्यवहार न्यायालय परिसर से रणधीर वर्मा चौक तक निकाली गई, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता, मीडिएटर, कर्मचारी गण एवं पैरा वैधानिक स्वयंसेवक एवं सेविका शामिल थे। न्यायाधीश निताशा बारला ने बताया कि डालसा की टीम की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनमानस तक संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में जागरूक किया जाएगा।




मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूतका रैली निकालते जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य।

# बेनीडीह साइडिंग गोलीकांड के लिए बीसीसीएल के साथ ही सिस्टम भी दोषी : दुर्गा प्रसाद जमुद्दा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया तृणमूल युवा कांग्रेस की ओर से रविवार को तेतुलमारी के वेस्ट मोदीडीह स्थित पार्टी कार्यालय में मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान दर्जनों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसमें बंगाल के पूर्व राज्यसभा सांसद सह मंत्री दुर्गा प्रसाद जमुद्दा, प्रदेश युवा अध्यक्ष सनी सिकु, प्रदेश युवा संगठन प्रभारी अमृत माझी, प्रदेश युवा महासचिव बंटी इराकी आदि उपस्थित थे। वक्ताओं ने बीसीसीएल प्रबंधन पर जमकर निशाना साधा और बाघमारा के बेनीडीह साइडिंग में मारे गए चारों युवकों के लिए बीसीसीएल प्रबंधन के साथ ही पूरे सिस्टम को दोषी करार दिया। कहा कि राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण आज कोयलांचल की धरती रक्त रंजित हो रही है। सरकार मृतक के परिजनों को अविलंब 50 -50 लाख रुपये मुआवजा और नियोजन देने की मांग की गई। इस दौरान जिला व प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सुनील चौधरी को धनबाद जिला युवा महामंत्री और बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रौनक गुप्ता को बनाया गया। वहीं विशाल बाल्मीकि को धनबाद जिला युवा तृणमूल कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर शिवम सिंह,अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।

# देश में जनसंख्या नियंत्रण बिल लायें : गिरिराज सिंह

## जो धर्म-संप्रदाय कानून न मानें, उनसे वोट देने का अधिकार छीनें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में हर एक मिनट में 30 बच्चे पैदा हो रहे हैं। इसलिए देश में जनसंख्या नियंत्रण बिल बहुत जरूरी है। गिरिराज ने ये भी कहा कि बिल को धर्म या संप्रदाय के बिना सभी पर लागू किया जाना चाहिए। जो इसका पालन नहीं करे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाए। उनके वोटिंग राइट्स भी ले लिए जाएं। चीन ने वन चाइल्ड पॉलिसी बनाई। हम उनसे कैसे कॉम्पीट करेंगे।



**चीन हमसे ज्यादा समृद्ध :** गिरिराज सिंह का मानना है कि अगर जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तों देश में न तो सोशल हारमनी बचेगी, न ही एकता। न ही भारत का विकास हो पाएगा। उन्होंने कहा कि 1978 के पहले चीन की जीडीपी भारत की जीडीपी से कम थी। आज चीन हमसे ज्यादा समृद्ध है, क्योंकि 1979 में चीन अपने देश में वन चाइल्ड पॉलिसी लाया। गिरिराज सिंह के मुताबिक चीन में एक मिनट में 10 बच्चे पैदा होते हैं जबकि भारत में 30 बच्चे पैदा होते हैं। ऐसे में हम चीन से कैसे मुकाबला करेंगे।

**ओवैसी को बताया गजवा-ए-हिंद समर्थक :** इस दौरान उन्होंने एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा। गिरिराज ने कहा कि जो बैरिस्टर साहब हैं उनमें जिन्ना का डीएनए बैठ गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओवैसी के पास देश में नफरत के अलावा कुछ काम नहीं है। वो गजवा-ए- हिंद के समर्थक हैं। आज देश को गजवा-ए- हिंद नहीं भारत माता का सपूत चाहिए।

# सोआ को अनुसंधान के मामले में एशिया में सबसे होनहार विवि के रूप में चुना गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एजुकेशन पोस्ट मैगजीन ने एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) को रिसर्च के क्षेत्र में एशिया का सबसे होनहार यूनिवर्सिटी चुना है। सोआ को शुक्रवार को गोवा में आयोजित एशिया पैसिफिक एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी अवार्ड्स समिट 2022 के चौथे संस्करण में सम्मान से सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ महेंद्र प्रसाद ने सोआ की ओर से सम्मान ग्रहण किये। आयोजित कार्यक्रम में नयी शिक्षा नीति के संदर्भ में उच्च शिक्षा में प्रौद्योगिकी के भविष्य पर चर्चा की गयी।



गोवा सरकार के शिक्षा सचिव सरप्रीत सिंह गिल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि पुणे में सूर्यदत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ संजय बी चोरडिया मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

इस सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को शिक्षा पोस्ट द्वारा की गयी रेटिंग के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। सोआ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2022 में देश के 16वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में स्थान दिया गया है। वैसे इस साल स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार की गयी दुनिया के टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में सोआ के 16 शोधकर्ताओं को भी शामिल किया गया। इस मौके पर एजुकेशन पोस्ट और शिक्षा सभा टीवी के प्रधान संपादक शिव शंकर शर्मा ने सम्मेलन में सम्मानित होने वाले सभी संस्थानों को बधाई दी। एजुकेशन पोस्ट एक पत्रिका है जो भारत में उच्च शिक्षा क्षेत्र और वर्तमान स्थिति की समीक्षा करती है।

# एम्स भुवनेश्वर का अंगदान जागरूकता के लिए वॉकथॉन का आयोजन

**हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने वॉकथॉन को झंडी दिखा कर रवाना किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर द्वारा रविवार को अंग दान जागरूकता के लिए एक सामूहिक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया और एम्स भुवनेश्वर को इस वॉकथॉन के माध्यम से अंगदान के लिए समाज में जागरूकता पैदा करने की पहल के लिए बधाई दी।



हॉकी सुपरस्टार दिलीप टिर्की ने कहा कि अंगदान को लेकर समाज में मौजूद अंधविश्वासों और गलत धारणाओं का मुकाबला करने के लिए एम्स भुवनेश्वर के छात्रों को आगे आना चाहिए और यह वास्तव में समय की जरूरत है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग, एम्स भुवनेश्वर द्वारा आयोजित वॉकथॉन में बड़ी सफलता देखी गयी, क्योंकि लगभग एक हजार मेडिकल छात्रों, संकायों और राष्ट्रीय संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने वॉकथॉन में भाग लेते हुए समाज के लिए अंग दान पर जन जागरूकता पैदा करने के लिए सभी कदम उठाने की बात दोहराई। वॉकथॉन में अन्य लोगों में चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसएन मोहंती, डीन डॉ पीआर महापात्र, रजिस्ट्रार बीबी मिश्रा, डीडीए रश्मि रंजन सेठी, डॉ प्रभाष रंजन त्रिपाठी, डॉ संजय गिरी, नर्सिंग कॉलेज प्रिंसिपल आशा पी सेट्टी, डॉ प्रशांत नायक, डॉ हेमंत नायक ने भाग लिया। सार्वजनिक क्षेत्र में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी में अग्रणी डॉ विनियेंद्र पामेचा ने भी वॉकथॉन में भाग लिया और छात्रों को प्रोत्साहित किया।

सहायक प्रोफेसर, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग डॉ ब्रम्हदत्त पटनायक ने नेक मुद्दे पर आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# बिहार में पुल-रेल इंजन के बाद मोबाइल टावर की चोरी

## चोरों ने जमीन मालिक से कहा- घाटा हो रहा है, 3 दिन में खोल ले गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में लोहे के पुल और रेल इंजन के बाद अब मोबाइल टावर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना राजधानी पटना की है। चोरों ने जमीन मालिक से कहा कि कंपनी बंद हो गयी है, इसलिए टावर हटा रहे हैं। इसके बाद चोर 3 दिन में सरेआम टावर का एक-एक हिस्सा खोलकर ले गये। मोबाइल टावर जीटीपीएल कंपनी का है, जो पटना के गर्दनीबाग इलाके में लगा हुआ था।



**10 से ज्यादा संख्या में आये थे चोर :** चोर यहां कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी बनकर आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोर लगातार तीन दिन तक जिस रास्ते से टावर का एक-एक हिस्सा लेकर जा रहे थे, वहां से हम रोज गुजरते थे। हमें लगा वे कंपनी के लोग हैं, इसलिए कभी किसी ने टोका तक नहीं। अब पता चला कि वे चोर थे।

गर्दनीबाग में ललन सिंह की जमीन पर टावर लगा था। उनके पड़ोसी मनोज सिंह ने बताया कि चोरों ने कंपनी बंद होने का हवाला देकर टावर हटाने की बात कही थी। इसके बाद ललन सिंह को भी लगा कि उनकी जमीन खाली हो जाएगी। वो भी टावर हटाने पर सहमत हो गए। इसके बाद 10 चोर लगातार 3 दिन तक 50 मीटर का टावर गैस कटर से काट कर टुकड़ों-टुकड़ों में पिकअप वैन पर समेट लेंगे।

# किट को फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** फेडरेशन ऑफ इंडियन कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआइसीआइ) ने कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट) को इस साल के एफआइसीआइ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड से सम्मानित किया है। शनिवार को नई दिल्ली के फिकी हाउस में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में यह पुरस्कार किट को प्रदान किया गया। किट की ओर से किट स्पोर्ट्स के महानिदेशक डॉ गगनेंदु दास ने पुरस्कार स्वीकार किया। एफसीआइ के अनुसार कीट को खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान की विशेष मान्यता के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। फिक्की पिछले 10 साल से खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को यह अवॉर्ड देता आ रहा है।

किट एंड किस के संस्थापक अचुत सामंत ने अपनी खुशी व्यक्त की और फिकी को धन्यवाद दिया। किट को खेल और खिलाड़ी पदोन्नति के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पहले ही स्टार स्पोर्ट्स अवार्ड मिल चुका है, जबकि इस वर्ष किट को खेल और युवा मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चुना गया है। किट 20 से अधिक वर्षों से खेल और एथलीटों को बढ़ावा दे रहा है। अत्याधुनिक और उन्नत क्रीड़ा बुनियादी ढांचे से लेकर ओलंपियन बनाने तक किट ने दुनिया भर में अपना नाम बनाया है। पुरस्कार समारोह के दौरान, फिकी के निर्वाचित अध्यक्ष और इंफा के प्रबंध निदेशक शुभ्रकांत पंडा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि प्रख्यात खेल पत्रकार और भारतीय खेल पुरस्कार पैनल के अध्यक्ष विजय लोकापाल्ली, फिकी खेल और युवा मामलों की समिति के अध्यक्ष और डिसेन स्टार स्पोर्ट्स के प्रमुख संजोग गुप्ता और एफआइकेआइ खेल और युवा मामलों की समिति सह-अध्यक्ष डॉ अमित वाला मुख्य अतिथि थे।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**